सोमवार, 1 दिसम्बर 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : इंसान के अंदर अगर शान्ति है तो वह सबसे अमीर व्यक्ति है।

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 18 – 27 |
| आर्द्रता | 59% |
| सूर्योदय: 5:59 | सूर्यास्त: 16:51 |



कोहली का 52वां शतक, भारत की 17 रन से जीत पृष्ठ 8


RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का समय एक सप्ताह के लिए बढ़ाया

## अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को



**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के पूरे कार्यक्रम को रविवार को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। आयोग ने यह कदम विपक्षी दलों के इन आरोपों के बीच उठाया कि ''कम समय-सीमा'' लोगों और जमीनी स्तर के चुनाव अधिकारियों के लिए समस्याएं पैदा कर रही है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में बदलाव इसलिए किया गया है ताकि इसके बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ''मृत, डुप्लीकेट मतदाता और दूसरी जगह चले गए निर्वाचकों'' का ब्योरा पार्टियों के बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) के साथ साझा कर सकें। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि गणना प्रपत्र वितरण अब चार दिसंबर के बजाय 11 दिसंबर तक जारी रहेगा। मसौदा मतदाता सूची अब नौ दिसंबर की जगह 16 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी, जबकि अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी के स्थान पर 14 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि आयोग ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ आंतरिक चर्चा के आधार पर एसआईआर के सभी चरणों की समय-सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है जहां यह प्रक्रिया जारी है। एक निर्वाचन अधिकारी ने कहा, ''मसौदा सूची तैयार करने से पहले बीएलओ द्वारा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लिकेट मतदाताओं का विवरण बीएलए के साथ साझा करने के लिए एक और सप्ताह का समय दिया जा रहा है, ताकि पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।'' बूथ स्तरीय एजेंट राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त पार्टी कार्यकर्ता होते हैं जो बीएलओ को मतदाता सूची को अद्यतन करने में मदद करते हैं। बूथ स्तरीय एजेंट की उपस्थिति इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाती है। विपक्षी दलों ने एसआईआर के दौरान कम से कम 40 बूथ स्तरीय अधिकारियों की मौत होने का दावा करते हुए, मतदाता सूची में संशोधन किये जाने के समय पर सवाल उठाया है। उन्होंने दावा किया किया इनमें से ज्यादातार ने ''कम समय सीमा'' होने के कारण तनाव में आकर आत्महत्या की। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। एसआईआर कार्यक्रम में संशोधन के निर्वाचन आयोग के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि निर्वाचन आयोग को पता था कि समय-सीमा ''व्यावहारिक'' नहीं थी। एसआईआर कार्यक्रम में बदलाव का फैसला सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर लिया गया।

# आज से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में गतिरोध के आसार, विपक्ष एसआईआर पर चर्चा की मांग पर अडिग

**नयी दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हंगामेदार रहने और इसमें गतिरोध पैदा होने के आसार रविवार को उस वक्त दिखाई दिए, जब अधिकतर विपक्षी दलों ने एक सुर में यह मांग उठाई कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराई जानी चाहिए। हालांकि, सरकार ने कहा कि संसद की कार्यवाही अच्छी तरह चलनी चाहिए और वह गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एसआईआर के साथ ही दिल्ली विस्फोट की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। इसके साथ ही, उन्होंने वायु प्रदूषण, विदेश नीति, किसानों की स्थिति, महंगाई, बेरोजगारी और कुछ अन्य विषयों पर सत्र के दौरान चर्चा कराने का आग्रह किया। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत से उत्साहित केंद्र सरकार इस सत्र में 14 विधायक पेश कर सकती है। इस सर्वदलीय बैठक में 36 राजनीतिक दलों के 50 नेता शामिल हुए। बैठक में सरकार की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक के बाद रविवार शाम लोकसभा और राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठकें हुईं, जिनमें विपक्ष ने चुनाव सुधारों के व्यापक मुद्दे पर चर्चा की मांग रखी। सरकार ने विपक्ष को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही इस पर अपनी राय बताएगी। सरकार ने वंदे मातरम की रचना की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा पर जोर दिया, लेकिन कई विपक्षी दलों ने इसको लेकर उत्साह नहीं दिखाया। लोकसभा ने चर्चा के लिए 10 घंटे आवंटित किए हैं और तारीख लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा तय की जाएगी।

### संसद अच्छी तरह चलनी चाहिए, विपक्षी दलों से बातचीत जारी रखेंगे: रीजीजू



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र अच्छी तरह चलना चाहिए और सरकार दोनों सदनों में गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी। सर्वदलीय बैठक के बाद उन्होंने चुटीले अंदाज में यह भी कहा कि यह शीतकालीन सत्र है और इसमें सबको ''ठंडे दिमाग से'' काम करना चाहिए। उन्होंने बैठक को सकारात्मक करार देते हुए कहा, ''बैठक में जो भी सुझाव आए हैं, उनको विचार के बाद बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) में रखा जाएगा। रीजीजू ने कहा, ''लोकतंत्र, विशेष रूप से संसदीय लोकतंत्र में गतिरोध होता है, राजनीतिक दलों में मतभेद होते हैं। इसके बावजूद हम सब तय करें कि सदन में गतिरोध पैदा नहीं करना है और अपनी बात रखकर विरोध दर्ज कराना है, तो सदन चलेगा।''

## नेशनल हेराल्ड मामला: दिल्ली पुलिस ने ईडी की शिकायत पर सोनिया गांधी, राहुल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह कार्रवाई एजेंसी की धन शोधन जांच का हिस्सा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने ''निजी लाभ'' के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तीन अक्टूबर को सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सात अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी।

## कुछ भारतीय लोग अपनी भाषाएं नहीं जानते: आरएसएस प्रमुख भागवत



**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के कम होते इस्तेमाल पर चिंता जताई और कहा कि हालात ऐसे हो गए हैं कि ''कुछ भारतीय लोग अपनी ही भाषाएं नहीं जानते।'' नागपुर में भागवत ने संत ज्ञानेश्वरी द्वारा मूल रूप से मराठी में लिखी पुस्तक 'श्री ज्ञानेश्वरी' के अंग्रेजी संस्करण के विमोचन कार्यक्रम में समाज से भाषाई विरासत के लुप्त होने पर आत्मचिंतन करने की अपील की। उन्होंने कहा, ''एक समय था जब सारा संचार, संवाद, रोज का काम संस्कृत में होता था। अब कुछ अमेरिकी प्रोफेसर हमें संस्कृत पढ़ाते हैं, जबकि वास्तव में हमें इसे दुनिया को सिखाना चाहिए था। आज कई बच्चे कुछ बहुत ही सरल और बुनियादी शब्द भी नहीं जानते और अक्सर घर पर अपनी मातृभाषा और अंग्रेज़ी मिश्रित भाषा बोलते हैं।'' संघ प्रमुख ने कहा, ''हालात ऐसे हो गए हैं कि कुछ भारतीय लोग अपनी ही भाषाएं नहीं जानते हैं।'' उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई इसके लिए जिम्मेदार नहीं है, बल्कि घर पर भारतीय भाषाएं बोलने में हिचकिचाहट की वजह से हालात और बिगड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अगर हम अपने घर में अपनी भाषा ठीक से बोलें, तो चीजें बेहतर होंगी। लेकिन हम ऐसा नहीं करते।'' संत ज्ञानेश्वर का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि समाज को बेहतर ढंग से समझाने के लिए संत भगवद गीता का ज्ञान मराठी में लाए। उन्होंने कहा, ''अब समस्या यह है कि अंग्रेजी भाषा में इतने शब्द नहीं हैं जो हमारी भाषाओं में बताए गए भावों या विचारों के सार और उसकी गहराई को बता सकें। ज्ञानेश्वर के इस्तेमाल किए गए एक शब्द के लिए अक्सर कई अंग्रेजी शब्दों की जरूरत पड़ती है, लेकिन फिर भी उसका वह वह भाव पूरी तरह से नहीं बताया जा सकता।'' एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कल्पवृक्ष की ओर इशारा किया, जो पौराणिक कथाओं में मनवांछित इच्छा पूर्ति करने वाला पेड़ है। भागवत ने पूछा, ''आप कल्पवृक्ष का अंग्रेजी में अनुवाद कैसे करेंगे?'' उन्होंने सांस्कृतिक रूप से समृद्ध विचारों को विदेशी भाषा में अनुवाद करने की सीमाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण बताते हैं कि भारतीय भाषाओं को क्यों संरक्षित करना चाहिए और उन्हें मजबूत बनाना चाहिए।

## भारतीय वायुसेना ने श्रीलंका के लिए मानवीय सहायता की आपूर्ति तेज की, फंसे भारतीयों को निकाला



**नयी दिल्ली :** भारतीय वायुसेना ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत श्रीलंका को मानवीय सहायता प्रदान करने के अपने प्रयासों को रविवार को तेज कर दिया और कोलंबो में फंसे 400 से अधिक भारतीयों को दो परिवहन विमानों से वापस ले आई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोलंबो में फंसे भारतीयों के एक समूह को लेकर सी-130जे विमान रविवार को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित हिंडन में उतरा, जबकि एक आईएल-76 विमान केरल के त्रिवेंद्रम पहुंचा। श्रीलंका में भारी तबाही मचाने वाले चक्रवात दित्वा के मद्देनजर मानवीय सहायता प्रदान करने के अपने प्रयासों को तेज करते हुए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में भूस्खलन प्रभावित कोटमाले क्षेत्र में बड़े बचाव और निकासी मिशन को अंजाम दिया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने चार शिशुओं सहित फंसे हुए 45 लोगों को सुरक्षित कोलंबो पहुंचाया। उन्होंने बताया कि बचाए गए लोगों में 12 भारतीयों के अलावा श्रीलंकाई नागरिकों समेत कई देशों के नागरिकों का एक बड़ा समूह शामिल था। वायुसेना ने बताया कि जमीनी स्तर पर राहत कार्यों को मजबूत करने के लिए उसने श्रीलंकाई सेना के 57 जवानों को भी प्रभावित क्षेत्र में हवाई मार्ग से पहुंचाया, ताकि बचाव और निकासी प्रयासों में मदद मिल सके।

## एलओसी से सटे पीओके में आतंकी 'लॉन्च पैड' अब भी मौजूद, सुरक्षा बल सतर्क : बीएसएफ

**श्रीनगर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिरीक्षक अशोक यादव ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किए जाने के बावजूद नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार कुछ आतंकवादी 'लॉन्च पैड' अब भी सक्रिय हैं। यादव ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नियंत्रण रेखा के पार कई आतंकवादी 'लॉन्च पैड' नष्ट कर दिए गए थे, लेकिन कुछ 'लॉन्च पैड' अब भी सक्रिय हैं, जहां आतंकवादी मौजूद हैं।'' उन्होंने कहा कि नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बल आतंकवादियों द्वारा कश्मीर में घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्क हैं। यादव ने कहा, ''सर्दियों से पहले पाकिस्तान की ओर से आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की हमेशा कोशिश होती है। जैसा कि आप जानते हैं, इन दिनों दृश्यता कम होती है, लेकिन हमारे पास आधुनिक निगरानी उपकरण हैं और हम संवेदनशील इलाकों पर प्रभावी ढंग से नजर रख रहे हैं। हमारी कोशिश घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने की है।'' यादव ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है और पाकिस्तान द्वारा शांति को बाधित करने के किसी भी प्रयास का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

# पुलिस के प्रति जन धारणा बदलने की ज़रूरत : प्रधानमंत्री मोदी

**सम्मेलन में सुरक्षा, तकनीक और कानून सुधार पर जोर**




**रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पुलिस के बारे में जनता की धारणा बदलने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। यहां पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने प्रतिबंधित संगठनों की नियमित निगरानी के लिए तंत्र स्थापित करने, वामपंथी उग्रवाद से मुक्त क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने और तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अभिनव मॉडल अपनाने के महत्व पर भी जोर दिया। मोदी ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बल से कहा कि वे सुनसान द्वीपों को जोड़ने के लिए नई रणनीति अपनाएं, नेटग्रिड के तहत जुड़े आंकड़ों का ज्यादा असरदार इस्तेमाल करें, और कार्रवाई लायक जानकारी जुटाने के लिए कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल करें। तीन दिवसीय सम्मेलन के समापन के अवसर पर जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि, प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक धारणा, विशेषकर युवाओं में, पुलिस के प्रति नजरिये में बदलाव की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके लिए पेशेवर दक्षता और संवेदनशीलता बढ़ाने तथा शहरी और पर्यटन पुलिसिंग को सशक्त करने की जरूरत है। विकसित भारत: सुरक्षा आयाम विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गृह राज्य मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल तथा केंद्रीय गृह सचिव सहित अन्य लोग शामिल हुए। मोदी ने शहरी पुलिसिंग को मजबूत करने, पर्यटक पुलिस इकाइयों को पुनर्जीवित करने और औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले नव-अधिनियमित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को पुलिस जांच में फॉरेंसिक के उपयोग पर 'केस स्टडी' करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात भी कही। उनका कहना था कि फॉरेंसिक तकनीकों का व्यापक उपयोग आपराधिक न्याय प्रणाली को उल्लेखनीय रूप से मजबूत बना सकता है।

## छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 37 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**27 पर था 65 लाख रुपये का इनाम**



**दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को 37 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से 27 पर कुल 65 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने यह जानकारी दी। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव राय ने बताया कि 12 महिलाओं समेत इन नक्सलियों ने पूना मारगेम (पुनर्वास से सामाजिक एकीकरण तक) पहल के तहत पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा कि बस्तर रेंज के पुलिस द्वारा शुरू की गई यह पहल बस्तर क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए एक परिवर्तनकारी अभियान के रूप में उभर रही है। आत्मसमर्पण करने वालों में कुमाली उर्फ अनीता मंडावी, गीता उर्फ लक्ष्मी मड़कम, रंजन उर्फ सोमा मंडावी और भीमा उर्फ जहाज कलमू शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि इन सभी पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 50,000 रुपये की तत्काल सहायता के साथ-साथ कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण, कृषि भूमि समेत अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। अधिकारी ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीतियों से प्रेरित होकर दंतेवाड़ा जिले में पिछले 20 महीनों में 508 से अधिक माओवादी हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं, जिनमें से 165 पर इनाम घोषित है।


उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।


मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho








A Fresh Reason to Return...!
- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE

Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## सात राज्यों की साझा पहल लाएगी रंग

आज सिर्फ पंजाब-हरियाणा ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में भी नशीले पदार्थों का बढ़ता घातक कारोबार गंभीर संकट की आहट सुना रहा है। आये दिन विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद होना इस संकट की भयावह तस्वीर उकेरता है। अब वयस्क ही नहीं, किशोर भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। फिर वे अपने नशे के लिए पैसा जुटाने को अपराध की गलियों से गुजरने में गुरेज नहीं करते। हाल ही के कुछ गंभीर अपराधों का खुलासा होने पर किशोरों ने स्वीकार किया कि वे नशे हेतु पैसा जुटाने के लिए अपराध करने निकले थे। कमोबेश, ऐसा ही संकट नकली दवाइयों की आपूर्ति का भी है। पिछले दिनों देश के कई राज्यों में घातक कफ सिरप पीने से कई बच्चे अपनी जान गंवा बैठे। इस आसन्न संकट को महसूस करते हुए नकली दवाइयों और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए सात राज्यों के ड्रग्स कंट्रोलरों, पुलिस और सीआईडी अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसका मकसद इन अधिकारियों को एक मंच पर लाकर कार्रवाई को अधिक कारगर बनाना था। इस रणनीतिक महत्व के सेमिनार का आयोजन हरियाणा के खाद्य और औषधि प्रशासन ने किया था, जिसका मकसद सीमावर्ती राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, सूचना साझेदारी और तेज प्रवर्तन तंत्र विकसित करना था। यह स्वागत योग्य है कि देश में पहली बार सात राज्यों ने इस संकट को महसूस करते हुए इस दिशा में साझी पहल की। उल्लेखनीय है कि इस पहल में सीमावर्ती राज्यों पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड व दिल्ली, महाराष्ट्र तथा हरियाणा के औषधि नियंत्रकों व वरिष्ठ अधिकारियों समेत 70 अधिकारियों ने भाग लिया। इन अधिकारियों ने अनुभव साझा करके भविष्य के लिए कारगर रणनीति को अंजाम देने पर गंभीर मंथन किया। बैठक में स्वीकार किया गया कि नशीले पदार्थों व नकली दवाइयों का कारोबार मात्र एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि इससे कई राष्ट्रीय मुद्दे भी जुड़े हैं।

इसमें दो राय नहीं कि देश के लिए घातक साबित हो रहे नशे के कारोबार पर अंकुश राज्यों के संयुक्त प्रयासों से ही संभव है। इसके लिए जरूरी है कि विभिन्न राज्यों के जिम्मेदार अधिकारी समय-समय पर इससे जुड़े डेटा साझा करने, पारदर्शी समन्वय और 'एक टीम, एक रणनीति' पर काम करें। साथ ही जरूरी है कि संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करें। इस दौरान सात राज्यों के अधिकारियों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकने व नकली दवाइयों पर रोक लगाने के लिए सहयोग करने पर सहमति जतायी। इस नई चुनौती के मुकाबले के लिए विशेष प्रशिक्षण और सात राज्यों के ड्रग कंट्रोलरों और पुलिस अधिकारियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान पर सहमति बनी। इसमें दो राय नहीं कि यह जहरीला कारोबार सिर्फ स्थानीय मुद्दा नहीं है बल्कि विभिन्न राज्यों के बीच साझा चुनौती बना हुआ है, जिसका मुकाबल डेटा साझेदारी और पारदर्शी समन्वय से ही संभव है। खासकर सीमावर्ती राज्यों को तो अंतर्राष्ट्रीय व अंतरराज्यीय तस्करों से मुकाबले के लिए मिलकर काम करना बेहद जरूरी है। यही वजह है कि चंडीगढ़ में आयोजित सेमिनार के निष्कर्ष राज्य व केंद्र सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया ताकि साझी रणनीति तय की जा सके। दरअसल, हाल के दिनों में पंजाब व देश के समुद्री सीमा से जुड़े राज्यों में नशीले पदार्थों की जो बड़ी खेपें बरामद हुई हैं, उसने पूरे देश की चिंता बढ़ाई है। सवाल यह भी उठा है कि यदि नशीले पदार्थों की इतनी बड़ी मात्रा बरामद हुई है तो चोरी-छिपे कितनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ देश में पहुंच रहा होगा। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में सीमा पार से ड्रोन के जरिये लगातार नशीले पदार्थ व हथियार भेजने के मामले प्रकाश में आए हैं। संकट का एक पहलू यह भी है कि सीमावर्ती जिलों में किशोरों को नशे की आपूर्ति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। पंजाब सरकार के विशेष अभियान के दौरान भी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई है। अनेक तस्कर व दोहरी भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों तक भी कानून के हाथ पहुंचे हैं। लेकिन अभी भी इस दिशा में बहुत किया जाना बाकी है।

# 2030 तक एचआईवी/एड्स महामारी को समाप्त करना: भारत का अगला बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसर



सुश्री वी हेकाली झीमोमी

भारत एचआई वी/एड्स के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। पहली घटना की रिपोर्ट होने के चार दशकों बाद, देश ने राष्ट्रीय एचआईवी रोकथाम और उपचार कार्यक्रम का निर्माण किया है, जो दुनिया के सबसे व्यापक और मजबूत उपचार कार्यक्रमों में से एक है। राष्ट्रीय एड्स और एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) ने निर्विवाद उपलब्धियाँ हासिल की हैं। नई संक्रमण दर 2010 की तुलना में लगभग आधी रह गई है, एड्स से संबंधित मृत्यु दर में 80% की कमी दर्ज की गयी है, उपचार पर रहने वाले लोगों में वायरस नियंत्रण अब 97% से अधिक है और भारत ने पूरी तरह से डोल्यूटेग्राविर-आधारित उपचार योजनाओं को अपनाने के साथ बड़ा बदलाव किया है-जिससे यह उपचार प्रभावकारिता में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो गया है।

हालांकि, आत्मसंतुष्टि की कोई जगह नहीं हो सकती। देश 2026-31 के लिए एनएसीपी चरण-तख (एनएसीपी तख) में प्रवेश कर रहा है, लेकिन इसके साथ ही यह सच्चाई भी स्वीकार करनी होगी कि भारत में महामारी अभी भी विकसित हो रही है और कुछ जगहों पर यह तेजी से बढ़ रही है। महामारी की मौजूदगी का राष्ट्रीय औसत केवल 0.20% है, लेकिन यह उभरते हुए हॉटस्पॉट और नई कमजोर स्थितियों को छिपाता है। असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और पंजाब जैसे राज्यों में मुख्य रूप से सुई से नशीली दवाओं के सेवन के कारण घटनाओं के बढ़ने की रिपोर्ट मिली है। सुई से नशीली दवा लेने वाले लोगों में, एचआईवी होने की दर राष्ट्रीय औसत से चालीस गुना अधिक है और कुछ ख़ास स्थानों में इसमें गुणात्मक वृद्धि देखी जा रही है। एक ही सुई साझा करने की घटना से संक्रमण का अनुमानित 1-में-160 मौका होने के कारण, सुई से नशीली दवाओं के सेवन से जुड़ी एचआईवी महामारी तेजी से फैल सकती है, यदि इसके खिलाफ प्रभावी ढंग से जवाबी कारवाई नहीं की जाती है।

इसके अलावा, नए संक्रमणों का बढ़ता हुआ हिस्सा अब उन व्यक्तियों में देखने को मिल रहा है जो अपने आकस्मिक या नियमित साथियों से एचआईवी प्राप्त कर रहे हैं-जो पारंपरिक 'मुख्य जनसंख्या' से परे बदलाव का संकेत देता है। भारत की युवा जनसांख्यिकी - हर साल 15-25 आयु वर्ग में 2.25 करोड़ किशोर प्रवेश कर रहे हैं - संवेदनशील बनी हुई है, क्योंकि डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तक आसान पहुँच जोखिम से भरे यौन व्यवहार और मादक पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देती है। भारत ने ऊर्ध्वाधर मातृ-शिशु संचरण को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। गर्भवती माताओं के लिए एचआईवी और सिफ़लिस की सार्वभौमिक जांच और उपचार, शिशु का प्रारंभिक निदान और बालरोग निवारक उपायों ने माताओं से बच्चों में संचरण को 2020 के 25% से अधिक से कम करके 2024 में 10% तक कर दिया है। फिर भी, यह उन्मूलन की पांच प्रतिशत सीमा से ऊपर है।

सीधे तौर पर कहें तो, वायरस ने खुद को अनुकूलित कर लिया है। यह युवाओं को प्रभावित करता है, अधिक फैलाव वाला है और नई कमजोरियों का फायदा उठा रहा है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए एक नई रणनीति की आवश्यकता है। एनएसीपी-तख की परिकल्पना भारत की सबसे साहसी और सबसे भविष्य-अनुकूल एचआईवी रणनीति के रूप में की गयी है। यह 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने के लक्ष्य (एस डी जी 3.3) के अनुरूप है-और यह चार बड़े बदलावों में निहित है।

सबसे पहले, भारत की विविध संवेदनशीलता प्रोफ़ाइल यह मांग करती है कि रोकथाम को श्रेणियों के बजाय लोगों के अनुसार बदला जाए। पारंपरिक 'उच्च-जोखिम समूहों' से अलग, कार्यक्रम को सामाजिक और संरचनात्मक कारकों द्वारा पैदा होने वाली तथा एक-दूसरे से जुड़ी कमजोरियों को संबोधित करना होगा। संपूर्ण सुरक्षा रूपरेखा के तहत, सार्वभौमिक रोकथाम यह सुनिश्चित करेगी कि हस्तक्षेप, समूहों के बजाय जोखिम वाले व्यक्तियों तक पहुंचे। एआई-संचालित स्वयं जोखिम आकलन, वर्चुअल पहुंच, नए दवा उपकरण और हॉटस्पॉट या सबसे ज्यादा संक्रमण फैलाने वाले संभावित लोगों (सुपर-स्प्रेडर) का पता लगाने के लिए रोग निगरानी प्लेटफ़ॉर्म, रोकथाम और सेवाओं को आपस में जोड़ने के अगली पीढ़ी के प्रयासों को सशक्त करेंगे। छह नशीली दवाओं के उपयोग से उत्पन्न महामारियों पर लक्षित रणनीतियाँ, एनएसीपी-तख के तहत महामारी को तेजी से कम करने के लिए केंद्रीय होंगी।

दूसरा, एनएसीपी-तख को जल्दी पहचान, प्रभावी इलाज, जीवन भर बनाए रखने के दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए। उच्च गुणवत्ता वाले, मुफ्त एंटीरिट्रोवायरल उपचार और वायरल-कमी (वायरल सप्रेशन) को बढ़ाने में भारत की सफलता अभूतपूर्व है। फिर भी, उपचार का पालन करने और प्रारंभिक निदान के लिए रोगियों को बनाए रखने का काम अभी भी जारी है। आभा, टेलीमेडिसिन और एआरटी वितरण के लिए डिजिटल फॉलो-अप का उपयोग करते हुए आपस में जुड़े तरीके सेवा अदायगी बाधाओं को दूर करने में मदद करेंगे। आभा और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के साथ एनएसीपी-तख का एकीकरण, एचआईवी देखभाल को व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकोसिस्टम की मुख्यधारा में लाने का मौका देता है।

तीसरा, एचआईवी और सिफ़लिस के ऊर्ध्वाधर संचरण को समाप्त करना एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनिवार्यता है। आरएमएनसीएच+ए के साथ तालमेल बढ़ाकर, निजी क्षेत्र से डेटा-प्रवाह और जांच किट्स के लिए विकेंद्रीकृत आपूर्ति श्रृंखलाओं के माध्यम से, भारत 2030 तक उन्मूलन का लक्ष्य हासिल कर सकता है। हालांकि, इसके लिए हर गर्भवती महिला तक-स्थान, जाति, आय या वैवाहिक स्थिति की परवाह किए बिना-पहुंचना आवश्यक है।

चौथी बात, कार्यक्रम को कलंक समाप्त करने पर अपने जोर को फिर से शुरू करना चाहिए। कलंक अदृश्यता, देरी से निदान और गैर-उपचार संक्रमण का सबसे बड़ा कारण है। एचआईवी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017; एचआईवी और एड्स से संक्रमित और प्रभावित लोगों के लिए अधिकार-आधारित कानून है। यह अधिनियम कलंक और भेदभाव से मुक्त वातावरण में सेवा प्राप्त करने को प्रोत्साहित करता है। फिर भी यह कलंक घरों, अस्पतालों, कार्यस्थलों और यहां तक कि नीतियों में भी मौजूद है और इससे निपटने के लिए मजबूत और लगातार प्रयास करने की आवश्यकता है।

एचआईवी रोकथाम में भारत की यात्रा कई साहसिक उपलब्धियों से परिपूर्ण रही है। एचआईवी नियंत्रण और रोकथाम में शुरूआती निवेश ने महामारी की दिशा को पलटने में मदद की, जिससे एक पूरी पीढ़ी को पीड़ा और रुग्णता से बचाया गया। इसके परिणामस्वरूप एक स्वस्थ जनसांख्यिकीय लाभ हुआ, जो आर्थिक विकास में योगदान देता है। बड़े पैमाने पर सेवा वितरण में स्पष्ट उपलब्धियों का एनएसीपी का ट्रैक रिकॉर्ड अंतिम प्रयास के लिए आधार मजबूत करता है। अब विज्ञान, पहले से कहीं अधिक भारत के एचआईवी/एड्स उन्मूलन विज़न के पक्ष में है। हमारी जैव प्रौद्योगिकी और दवा उद्योग की क्षमता दवाओं, वैक्सीन और डायग्नोस्टिक्स का तेजी से विकास कर सकती है और पैमाने का तेज विस्तार कर सकती है, जिससे उन्मूलन प्रयासों के लिए सहायता मिलती है।

फिर भी, हजार मील की यात्रा में, आखिरी मील हमेशा सबसे कठिन होता है। एचआईवी/एड्स को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने की आखिरी कोशिश केवल जैव-चिकित्सीय नहीं है-यह सामाजिक, डिजिटल, व्यवहारिक और संरचनात्मक भी है। एनएसीपी-तख एक आगामी रोडमैप प्रदान करता है, जो तकनीकी रूप से आधुनिक, महामारी विज्ञान के दृष्टिकोण से सटीक और सामाजिक रूप से जमीन से जुड़ा है। अडिग सरकारी प्रतिबद्धता और एक सुदृढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के समर्थन के साथ, भारत इस अवसर का साहसपूर्वक लाभ उठाएगा-दुनिया को यह दिखाने के लिए कि जब विज्ञान, समुदाय और नीति मिलकर कार्य करते हैं, तो एक महामारी को समाप्त करना संभव है।

**-लेखिका, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अपर सचिव और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) की महानिदेशक हैं**

# सुरक्षा, जागरूकता और संवेदनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी



योगेश कुमार गोयल

न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में लोगों के लिए 'एड्स' आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एच.आई.वी. संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। 'रॉयटर्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व एड्स दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना' विषय के साथ मनाया जा रहा है।

वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे 'गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी' (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात् जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है।

यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति 'एड्स' कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच.आई.वी. परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे।

वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपकाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है।

एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।

**-लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं**

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 दिसम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष एकादशी, 18:55 तक, नक्षत्र : रेवती, 05:20 तक, योग : व्यतिपाता, 24:49 तक, सूर्योदय: 05:59, सूर्यास्त: 16:51, चन्द्रोदय : 13:42, चन्द्रास्त: 01:44, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 07:24 से 08:44

## राशिफल

**मेष :** आपकी राशि का स्वामी वृश्चिक राशि का होकर अष्टम केंद्र आयु भाव केंद्र शुभ भाव प्रमुख कलत्र भाव में है। आज का दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा।

**वृष :** आपकी राशि का स्वामी शुक्र वृश्चिक राशि में संचार कर रहा है। शुक्र सम्पूर्ण शुभ दृष्टि से वृष राशि को देख रहा है। राज्य मान-प्रतिष्ठा तथा उत्तम प्रकार की धन संपत्ति दायक है।

**मिथुन :** आपकी राशि का स्वामी बुध षष्ठम शत्रु चिन्ता स्थान केंद्र, विद्या भाव में सूर्य से तप्त एवं विकल है। फलतः आज का दिन भाग दौड़ और विशेष चिन्ता में व्यतीत होगा।

**कर्क :** कर्क राशि चन्द्रमा की राशि है। आज राशि से दशम चन्द्रमा उत्तम संपत्ति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है, जिसमें कुछ खर्च भी संभव है। परिवार में आमोद प्रमोद का वातावरण रहेगा।

**सिंह :** राशि का स्वामी सूर्य वृश्चिक राशि का होकर चतुर्थ प्रमुख सुख भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। बुध के साथ होने से कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन अच्छा मोड़ सिद्ध होगा।

**कन्या :** आज आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आएंगे। ऋतंभरा प्रज्ञा से काम लेते हुए सबका सम्मान करें। यहीं लोग आगे चलकर आपके काम आयेंगे।

**तुला :** आपकी राशि का स्वामी शुक्र राशि से द्वितीय भाव में शत्रु वृद्धि व मन संतोष कारक है। सप्तम चन्द्रमा 'उत्तम चन्द्र श्री कुर्यात' के अनुसार श्री एवं सौन्दर्य में वृद्धि करेगा।

**वृश्चिक :** राशि का स्वामी मंगल प्रथम राज्य भाव में व चन्द्रमा षष्ठम घर में विजय विभूति कारक है। आज का दिन काज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है।

**धनु :** आपके अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें-इससे कोई स्थायी सफलता मिल जाएगी। बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति सम्भव है।

**मकर :** आपकी राशि का स्वामी शनि राशि से तृतीय घर में और चन्द्रमा भी चतुर्थ भाव में कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहे हैं। व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

**कुम्भ :** आज आपकी राशि का स्वामी शनि द्वितीय भाव में आपकी भाग्य वृद्धि करेगा। धन धर्म कीर्ति की वृद्धि होगी। सर्वत्र विजय विभूति सफलता की प्राप्ति हर्ष मंगलमय परिवर्तन होंगे।

**मीन :** आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति कर्क राशि का होकर पंचम संतान भाव में चल रहा है। मनोरथ सिद्धि कारक है। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है।

## विदेश की खबरें

### हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में बाधा नहीं बनेगा: बांग्लादेश

**ढाका :** बांग्लादेश ने रविवार को कहा कि उसे अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत से 'शीघ्र' प्रत्यर्पण होने की उम्मीद है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि 'अकेला यह मुद्दा' नयी दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में बाधा नहीं बनेगा। अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने ढाका स्थित विदेशी पत्रकारों से बात करते हुए यह टिप्पणी की। उनसे जब पूछा गया कि क्या अपदस्थ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री को स्वदेश वापस भेजे जाने तक नयी दिल्ली के साथ बेहतर संबंधों की उम्मीद की जा सकती है, तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमारे (द्विपक्षीय) संबंध केवल एक मुद्दे पर अटके नहीं रहेंगे।' हालांकि, हुसैन ने कहा कि चूंकि हसीना अब एक घोषित अपराधी हैं, इसलिए बांग्लादेश 'उम्मीद करता है कि जल्द से जल्द भारत से उनकी वापसी होगी।' पूर्व प्रधानमंत्री को पिछले साल छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों पर उनकी सरकार की क्रूर कार्रवाई के लिए 'मानवता के खिलाफ अपराध' को लेकर एक विशेष न्यायाधिकरण द्वारा 17 नवंबर को उनकी अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई गई थी। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत ढाका और नयी दिल्ली के संबंधों के बारे में एक अन्य प्रश्न के उत्तर में, हुसैन ने कहा, 'भारत को नयी वास्तविकताओं के साथ तालमेल बिठाने के लिए कुछ समय चाहिए।'

### नेतन्याहू ने भ्रष्टाचार के मुकदमे जारी रहने के बीच क्षमादान का अनुरोध प्रस्तुत किया

**यरूशलम :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि वे उन्हें भ्रष्टाचार के आरोपों से क्षमादान प्रदान करें। नेतन्याहू ने ऐसा करके लंबे समय से जारी भ्रष्टाचार के उस मुकदमे पर रोक का प्रयास किया है जिसने देश को बुरी तरह विभाजित कर दिया है। नेतन्याहू इन आरोपों को लेकर देश की न्याय व्यवस्था के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह अनुरोध क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलावों के दौर में देश को एकजुट करने में मदद करेगा। हालांकि नेतन्याहू के विरोधियों ने तुरंत इसकी निंदा की और कहा कि इससे इजराइल की लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होंगी और यह खतरनाक संदेश जाएगा कि वह कानून के शासन से ऊपर हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को क्षमादान का अनुरोध प्रस्तुत किया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे एक असाधारण अनुरोध बताया, जिसके महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। नेतन्याहू इजराइली इतिहास में एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो तीन अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत के आरोपों को लेकर मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3279

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 | |
| | ■ | 13 | 14 | ■ | ■ | 15 | | | ■ |
| ■ | 16 | | | 17 | | ■ | 18 | | 19 |
| 20 | | | ■ | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | 28 | | ■ |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | | |

*बायें से दायें:-* 1) आश्चर्य, 4) समीक्षक, 7) ओछापन, 9) बुरी लत, 10) निषिद्ध, 11) ऐंठ लेना, 13) पतिव्रता, 15) अत्यधिक, 16) ग़मख़्वार; सहिष्णु, 18) बाँस आदि की पतली छड़ी, 20) वक्तव्य *(अदालत में)*, 21) हाथ का पंजा, 22) पत्तों की कटोरी, 23) कामयाब, 24) स्त्री, 25) लेना, 27) न्यूनता, 29) छटपटाना, 30) सुकुमारी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) फुजूलखर्ची, 2) आचरण, 3) पानी, 4) मनगढंत बात, 5) प्रतिष्ठा, 6) खींचकर बाँधना, 8) मतलब; उपयोग, 11) चोरी छिपे, 12) कोमल, 14) एक संख्या, 16) विवेकी, 17) एक योगासन, 19) भिक्षुओं का पहनावा, 20) कारण से, 21) घरेलू झगड़ा, 24) लड़ाई झगड़ा लगानेवाला व्यक्ति, 25) जल, 26) आहार; अन्नकण, 28) पूरा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| य | थो | चि | त | ■ | सा | ला | ना | ■ | ए |
| था | ■ | रा | म | रा | म | ■ | ना | ट | क |
| व | क़्त | ■ | ■ | ज | ना | जा | ■ | ■ | द |
| क | ■ | आ | रं | भ | ■ | मु | ला | य | म |
| श | ब | री | ■ | व | च | न | ■ | ती | ■ |
| ■ | ढ़ | ■ | मा | न | क | ■ | ह | म | ल |
| अ | ना | चा | र | ■ | ला | प | ता | ■ | गा |
| न्य | ■ | बु | ना | ई | ■ | द | श | ग्री | व |
| था | ■ | क | ■ | द | र्श | क | ■ | ■ | ट |

## सुडोकू-पहेली-3237

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | 4 | 6 | 9 | | |
| | | | | 8 | | | | |
| | 8 | | 9 | | | | 6 | |
| | | | | 7 | | | | |
| 2 | | 1 | | | 4 | | | |
| 9 | | | 3 | | | 7 | | |
| | | | | | 3 | | | |
| 4 | | | | | 8 | 5 | 7 | 1 |
| | | 8 | | | 5 | 2 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

●●●●

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3236 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 1 | 4 | 3 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 |
| 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 | 1 | 9 |

### एसआईआर का समय बढ़ाने पर विपक्ष ने चुनाव आयोग और भाजपा पर साधा निशाना

# एसआईआर की योजना जल्दबाजी में बनाई गई थी : तृणमूल कांग्रेस




**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की पूरी प्रक्रिया को एक सप्ताह के लिए बढ़ाने के निर्वाचन आयोग के फैसले से पार्टी के इस रुख की पुष्टि होती है कि इसकी (एसआईआर की) योजना 'ठीक से सोच-समझकर नहीं बनाई गई थी' और 'जल्दबाजी' में लागू की गई थी। टीएमसी के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश मजूमदार ने संवाददाताओं से कहा कि निर्वाचन आयोग की घोषणा दर्शाती है कि कैसे पूरी प्रक्रिया बिना किसी उचित योजना के 'जल्दबाजी में' घोषित की गई, जिसका उद्देश्य सिर्फ केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के हितों को पूरा करना है। मजूमदार ने दावा किया कि पिछले एक महीने में राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े तनाव के कारण चार बीएलओ समेत कम से कम 40 लोगों की जान चली गई और इससे पता चलता है कि एसआईआर की घोषणा से पहले इसकी योजना ठीक से सोच-समझकर नहीं बनाई गई थी।



**❑ केवल सात दिनों के लिए क्यों बढ़ाया गया? : कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार**

प्रदेश कांग्रेस ने सवाल उठाया कि एसआईआर प्रक्रिया को केवल सात दिनों के लिए क्यों बढ़ाया गया और इस पर स्पष्टीकरण मांगा कि इसे एक महीने के लिए क्यों नहीं बढ़ाया गया। कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार जल्दबाजी में काम कर रहे हैं। सरकार ने कहा कि हम एसआईआर के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन अगर यह भाजपा की मदद के लिए किया गया है, तो कांग्रेस निश्चित रूप से विरोध करेगी... केवल सात दिन क्यों? एक महीना क्यों नहीं? ज्ञानेश कुमार भाजपा की मदद के लिए एसआईआर में इतनी जल्दबाजी क्यों कर रहे हैं? सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस आयोग की कार्यवाही में पारदर्शिता और निष्पक्षता चाहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी कथित राजनीतिक पूर्वाग्रह का पार्टी कड़ा विरोध करेगी।



**❑ भाजपा और तृणमूल के बीच एसआईआर को लेकर मौन सहमति : माकपा नेता सुजन चक्रवर्ती**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की केंद्रीय समिति के सदस्य सुजन चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच एसआईआर प्रक्रिया को लेकर एक मौन सहमति बन गई है और राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा लगाए गए आरोप केवल उसका सार्वजनिक दिखावा हैं। चक्रवर्ती ने कहा कि क्या यह मजाक नहीं है कि एसआईआर को केवल एक हफ्ते के लिए बढ़ाया गया है? न तो भाजपा और न ही तृणमूल कांग्रेस एसआईआर प्रक्रिया को रोकने के लिए गंभीर है। गरीब नागरिक इसका खामियाजा भुगत रहे हैं और मताधिकार से वंचित होने के डर में जी रहे हैं। निर्वाचन आयोग कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है।

**❑ फैसला पूरी तरह से निर्वाचन आयोग के विवेक पर निर्भर है : सुकांत मजूमदार**



दूसरी तरफ, केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से निर्वाचन आयोग के विवेक पर निर्भर है, क्योंकि निर्वाचन आयोग ही कार्यक्रम के बारे में सबसे अच्छा फैसला कर सकता है। पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करना एक प्रक्रियात्मक कदम है। टीएमसी घुसपैठियों के वोट से जीतने के लिए एसआईआर को रोकना चाहती है। निर्वाचन आयोग के इस कदम के बाद टीएमसी की सारी कलई खुल चुकी है।

## नागरिकता और मताधिकार की मांग पर मतुआ समुदाय की पदयात्रा

### चुनाव आयोग को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**कोलकाता :** एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से किसी भी मतुआ भक्त का नाम न हटे-इस मांग को लेकर ऑल इंडिया मतुआ महासंघ आंदोलन के लिए सड़क पर उतर रहा है। संगठन ने घोषणा की है कि आगामी 1 दिसंबर, सोमवार शाम 4 बजे सियालदह से चुनाव आयोग कार्यालय तक विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, इस रैली में राज्यभर से हजारों की संख्या में मतुआ अनुयायी, दलपति, गोंसाई और भक्तजन ढोल, नगाड़ा, निशान और पारंपरिक धार्मिक प्रतीक लेकर शामिल होंगे। संगठन का कहना है कि यह कार्यक्रम नागरिकता और मतदान अधिकार की रक्षा के लिए उनके लोकतांत्रिक संघर्ष का हिस्सा है।

पदयात्रा समाप्त होने के बाद संगठन की ओर से चुनाव आयोग कार्यालय में एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा, जिसमें यह मांग की जाएगी कि एसआईआर के नाम पर मतुआ समुदाय के निवासियों के नाम बिना जांच-पड़ताल के मतदाता सूची से न हटाए जाएं।

संगठन नेताओं का आरोप है कि एसआईआर प्रक्रिया में कई पात्र मतदाताओं को बिना कारण नोटिस भेजा गया है, जिससे समुदाय में असुरक्षा और असंतोष बढ़ रहा है।

# फलता में मृत मतदाता सूची विवाद पर चुनाव आयोग ने दिया बयान, भाजपा के आरोप खारिज

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना के फलता में मृत मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों को चुनाव आयोग की विशेष पर्यवेक्षक टीम ने खारिज कर दिया है। भाजपा का आरोप था कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मृत मतदाताओं के नाम हटाने में बाधा डाली जा रही है और रूलिंग पार्टी बीएलओ पर दबाव बना रही है।

शिकायत मिलने पर रविवार को आयोग की टीम-विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता और जिला पर्यवेक्षक सी. मुरुगन के नेतृत्व में-फाल्टा पहुंची और बीडीओ कार्यालय में अधिकारियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बीएलओ के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।



बैठक के बाद पर्यवेक्षक दल ने कहा कि मृत मतदाताओं के नाम हटाने को लेकर किसी भी राजनीतिक दल या अधिकारी की ओर से कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि एसआईआर का काम सामान्य रूप से चल रहा है और निरीक्षण जारी है।

बैठक में मौजूद बीएलओ ने बताया कि हार्डकॉपी से ऑनलाइन डेटा अपलोड करते समय सर्वर संबंधी दिक्कतें सामने आ रही हैं और पुराने वोटर लिस्ट से कई डेटा मिलान में भी समस्या हुई है। इस पर आयोग ने आश्वासन दिया कि तकनीकी समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा।

विशेष पर्यवेक्षक ने कहा कि प्रारंभिक सूची जारी होने के बाद जांच, तकनीकी सत्यापन और सुनवाई की प्रक्रिया भी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है और अब तक किसी बाधा या दबाव का प्रमाण नहीं मिला है।

# विधानसभा चुनाव से पहले राज्य से बांग्लादेशियों की वापसी ने घुसपैठ के आरोपों को दिया बल

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिला के हकीमपुर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों के अपने देश लौटने का मामला राजनीतिक वाकयुद्ध का विषय बन गया है, जिससे 2026 के विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले मतदाता सूची को सुधारने की निर्वाचन आयोग की एसआईआर कवायद और घुसपैठ को लेकर भाजपा-तृणमूल के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। शुरू में प्रवासियों के स्वदेश लौटने को बहुत अधिक तवज्जों नहीं दी गई थी, लेकिन अब ये एक राजनीतिक विमर्श बन गया है, जिसने सीमा चौकी को एक 'वैचारिक युद्धक्षेत्र' में बदल दिया है, जहां संख्या की तुलना में दृश्य अधिक मायने रखते हैं। उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में भारत-बांग्लादेश सीमा पर, स्थानीय लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बताया है कि राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के शुरू होने के बाद नवंबर की शुरुआत से ही बिना दस्तावेज वाले बांग्लादेशियों के वापस लौटने की कोशिशों में वृद्धि हुई है। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर के चलते लगभग 150-200 लोग बांग्लादेश लौट रहे हैं, और 20 नवंबर तक लगभग 1,700 लोग सीमा पार कर चुके हैं। भाजपा का कहना है कि अपने छोटे-छोटे बैग और बच्चों को थामे जीरो लाइन की ओर बढ़ते लोगों की तस्वीरें राज्य में अवैध घुसपैठ के उसके दावे को पुख्ता करती हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि हम यही तो कह रहे हैं। एसआईआर ने घुसपैठियों को हिलाकर रख दिया है। आखिरकार सच्चाई सामने आ रही है। वे इसलिए जा रहे हैं क्योंकि उन्हें पकड़े जाने का डर है। भाजपा का मानना है कि ये दृश्य उसके इस दावे को पुष्ट करते हैं कि 'अवैध रूप से बसे बांग्लादेशियों' ने दशकों से पश्चिम बंगाल की चुनावी जनसांख्यिकी को बदल दिया है। तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद ने दावा किया कि हकीमपुर में कुछ भी स्वाभाविक नहीं है। यह 2026 से पहले एक विमर्श गढ़ने और एसआईआर को सही ठहराने के लिए रचा गया एक नाटक है।

### महेशतला में जींस पैंट वॉश फैक्ट्री में बॉयलर फटने से मालिक और तीन कर्मचारी घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के महेशतला थाना इलाके में स्थित एक जींस पैंट वॉश फैक्ट्री में रविवार की शाम हॉट वॉटर बॉयलर फटने से चार कर्मचारी घायल हो गए। उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया गया है कि महेशतला थाना अंतर्गत आकरा रेलवे स्टेशन से सटे इलाके में कई जींस पैंट वॉश फैक्ट्रियां हैं। इस दिन, शाम को एक फैक्ट्री में जींस पैंट धोने के लिए बॉयलर में पानी गर्म किया जा रहा था। अचानक बॉयलर फट गया। गर्म पानी बाहर फैल गया। बॉयलर का ढक्कन उड़कर फैक्ट्री के मालिक को लगा। इस हादसे में फैक्ट्री का मालिक और तीन कर्मचारी घायल हो गए। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने चारो घायलों को एसएसकेएम अस्पताल भेजा।




10वीं जेबीजी कोलकाता मैराथन में 10,000 से अधिक धावकों की धुआंधार भागीदारी-'सिटी ऑफ जॉय' कोलकाता ने अदम्य उत्साह और जज़्बे के साथ दौड़कर मनाया फिटनेस का महापर्व।

## बशीरहाट में सरकारी गाड़ी की टक्कर से पांच यात्री घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला की बशीरहाट थाना अंतर्गत बशीरहाट नगरपालिका के वार्ड 12 के त्रिमोहिनी इलाके में सरकारी गाड़ी की टक्कर से 5 राहगीर घायल हो गए। पता चला है कि शनिवार की शाम शहीद दिनेश मजूमदार रोड पर एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस की सरकारी गाड़ी की टक्कर से यात्रियों को ले जा रहे एक ऑटो रिक्शा के पांच यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गाड़ी का ड्राइवर नशे में धुत होकर बहुत तेज गति से गाड़ी चला रहा था। उसी समय सरकारी गाड़ी ने यात्रियों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी। फिर, स्थानीय लोग घायलों को बचाने के लिए दौड़े और उन्हें जल्दी से बशीरहाट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले गए।




घटना के तुरंत बाद इलाके के लोग गुस्से में आ गए। टाकी रोड से शहीद दिनेश मजूमदार रोड तक दोनों तरफ काफी देर तक जाम लगा रहा। काफी देर तक ट्रैफिक रुका रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बशीरहाट थाने से भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बात की और उन्हें शिकायत की जांच करने और तुरंत कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इसके बाद, धीरे-धीरे नाकाबंदी हटा दी गई और ट्रैफिक नॉर्मल हो गया।

## विपक्ष ने राजभवन का नाम बदलने की आलोचना की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सी वी आनंद बोस द्वारा केंद्र के निर्देश के बाद राजभवन का नाम बदलकर 'लोक -भवन' करने के एक दिन बाद, राजनीतिक दलों ने रविवार को सवाल उठाया कि आजादी के इतने साल बाद भी राज्यपाल पद कायम रखने की क्या जरूरत है। विपक्षी दलों ने इस कदम के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की और कटाक्ष करते हुए कहा कि अब राज्यपालों का भी उनके भवनों के नए नाम के अनुरूप चुनाव होना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रदीप भट्टाचार्य ने कहा कि राजभवन और राज्यपाल पर्याय हैं। उन्होंने कहा कि मौलिक प्रश्न यह है कि यदि राजभवन लोकभवन है, अर्थात जनता का भवन, तो राज्यपाल राष्ट्रपति की तरह निर्वाचित क्यों नहीं होना चाहिए? राज्यपाल, या यदि उन्हें अब लोकनायक कहा जाता है, तो राज्य विधानसभा के सदस्यों द्वारा मतदान के माध्यम से चुना जाना चाहिए। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह एक अजीबोगरीब कदम है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार की समझ कमज़ोर प्रतीत होती है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने सवाल उठाया कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही यह फैसला क्यों लिया गया? मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता सुजन चक्रवर्ती ने दावा किया कि नाम बदलना महज एक विज्ञापन की कवायद है। चक्रवर्ती ने कहा कि अब राजभवन को बनाए रखने का कोई तर्क नहीं है। राजभवन केंद्र सरकार की एक एजेंसी के रूप में काम करता है। यह एक सफेद हाथी को रखने जैसा है। सवाल यह है कि राज्यपाल का नाम बदलकर 'लोकपाल' क्यों नहीं कर दिया गया? नाम बदलना कुछ और नहीं, बल्कि खबरों में बने रहने की कोशिश है।

**लोकतंत्र में लोग ही सबसे ऊपर होते हैं : राज्यपाल**

राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने राजभवन का नाम बदलकर लोक भवन करने के फैसले की कुछ राजनीतिक दलों द्वारा आलोचना करने और इसे गैर कानूनी बताने पर रविवार को कड़ी प्रतिक्रिया जताई। राज्यपाल ने अपने निर्णय को सही ठहराते हुए कहा कि लोकतंत्र में लोग ही सबसे ऊपर होते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी राजनीतिक दल लोगों से ऊपर नहीं है। उन्होंने नाम बदलने के फैसले को वापस लेने की मांग को सिरे से खारिज कर दिया।

# राज्य पुलिस की परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र देने के नाम पर लाखों की ठगी के आरोप में सिविक वॉलंटियर गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना के बशीरहाट में राज्य पुलिस की परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में एक सिविक वॉलंटियर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम गणेश बाछड़ है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि रविवार को राज्य पुलिस की कांस्टेबल के पद पर भर्ती के लिए परीक्षा थी। पूरे राज्य में यह परीक्षा कड़ी निगरानी में हुई। परीक्षा शुरू होने से एक रात पहले एक सिविक वॉलंटियर को गिरफ्तार किया गया। गणेश बाछड़ पर आरोप है कि उसने यह कहकर कई उम्मीदवारों से बड़ी रकम ली थी कि बड़ी रकम देने से परीक्षा की प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। यानी, उसने अग्रिम में प्रश्न पत्र देने के नाम पर कई लाख रुपये ऐंठ लिए थे। इस बीच, आरोप है कि पैसे देने के बाद भी उम्मीदवारों को एडवांस में प्रश्न पत्र नहीं मिले। इस बीच, पैसे भी वापस नहीं किए जा रहे थे। कुछ उम्मीदवारों ने मामले की सूचना बशीरहाट थाने को दी। उसके बाद, पुलिस ने बिना देर किए कुछ लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। इसमें सिविक वॉलंटियर गणेश बाछड़ का नाम सामने आया। सिविक वॉलंटियर को शनिवार की रात को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति से शुरुआती पूछताछ की गई है। इस तरह से मार्केट से कितने पैसे निकाले गए? क्या उसे सच में प्रश्न पत्र मिला था? या झूठे वादे करके पैसे निकाले गए थे? और इस घटना में कौन-कौन शामिल है? जांचकर्ता उन मामलों की जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। रविवार को गिरफ्तार व्यक्ति को बशीरहाट कोर्ट में पेश किया गया।

### बुदबुद में राज्य पुलिस की फर्जी परीक्षा आयोजित करने के आरोप में सात गिरफ्तार

**दुर्गापुर :** राज्य पुलिस की कांस्टेबल पद के लिए फर्जी लिखित परीक्षा आयोजित करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुदबुद थाने की मदद से बर्दवान से 7 लोगों को गिरफ्तार किया। उन्हें बर्दवान ले जाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, राज्य पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर सैकड़ों बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपये लिए गए। आरोप है कि शनिवार को बुदबुद के देवशाला में कलमडांगा गांव के जंगल में फर्जी प्रश्न पत्र तैयार कर परीक्षा ली जा रही थी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने उस जगह पर छापा मारी। हालांकि, पुलिस को देखकर परीक्षार्थी भाग गए, लेकिन मौके से सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का दावा है कि आरोपी जंगल में नकली परीक्षा ले रहे थे। मौके से दो छोटी चार पहिया गाड़ियां और पंचायत की एक पानी की टंकी जब्त की गई। बताया गया कि उस टैंकर की पर्दे के पीछे जांच चल रही थी। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ करके घटना में शामिल लोगों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### नदिया में राज्य पुलिस की परीक्षा केंद्रों से मोबाइल डिवाइस के साथ 6 परीक्षार्थी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल पुलिस की कांस्टेबल पद के लिए लिखित परीक्षा रविवार की सुबह राज्यभर के हर सेंटर में कड़ी सुरक्षा के साथ शुरू हुई। उस कड़ी निगरानी के बीच, नदिया जिले के तेहट्ट और पलाशीपाड़ा महकमा के विभिन्न सेंटरों से कुल छह परीक्षार्थियों को मोबाइल डिवाइस के साथ हिरासत में लिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तेहट्ट के जीतपुर हाई स्कूल से दो परीक्षार्थी, तेहट्ट हाई स्कूल से एक परीक्षार्थी और बेताई हाई स्कूल परीक्षा केंद्र से एक परीक्षार्थी को मोबाइल डिवाइस के साथ परीक्षा केंद्र में घुसते हुए पकड़ा गया। साथ ही, गोपीनाथपुर नेताजी विद्यापीठ से भी दो परीक्षार्थी को इसी तरह हिरासत में लिया गया। वे अपने फोन के साथ परीक्षा केंद्र में कैसे घुसे, इसे लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि परीक्षार्थी मोबाइल डिवाइस के साथ चुपके से हॉल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा के तौर पर, उन्हें सेंटर में घुसने से पहले तलाशी के दौरान हिरासत में लिया गया। बाद में, पुलिस उन सभी को पूछताछ के लिए थाने ले गई।

### न्यू दीघा में पुलिस परीक्षा से पहले धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार



**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के न्यू दीघा में राज्य पुलिस की कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा में धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने सात लोगों को गिरफतार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को परीक्षा शुरू होने से पहले न्यू दीघा के एक निजी गेस्ट हाउस से इस धोखाधड़ी गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों का दावा है कि यह गिरोह भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी में शामिल था। इसके अलावा, पुलिस ने इस गिरोह के संपर्क में आए करीब 30 उम्मीदवारों को गेस्ट हाउस में ही निगरानी में रखा है। गिरफ्तार लोगों को कांथी कोर्ट में पेश किया गया और पुलिस घटना की पूरी जांच के लिए उन्हें अपनी कस्टडी में लेने के लिए अर्जी दी।

## ईएम बायपास में कार में महिला से छेड़छाड़ के मामले में एक गिरफ्तार, बाकी दो की तलाश जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रगति मैदान थाना अंतर्गत ईएम बायपास में गत शुक्रवार को एक कार के अंदर एक महिला से हुए छेड़छाड़ के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम अलताफ आमल (24) है। वह पेशे से एक लोन एजेंट है। आरोप है कि वह घटना के समय दो अन्य लोगों के साथ कार में था। पुलिस के अनुसार, तीन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। बाकी दो को पकड़ने के लिए तलाश जारी है। यह गिरफ्तारी एक महिला की शिकायत के आधार पर की गई, जिसे कथित तौर पर गत शुक्रवार की रात ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाईपास पर तीन लोगों के एक ग्रुप ने कार के अंदर खींच लिया, शराब पीने के लिए मजबूर किया और छेड़छाड़ की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता 28 साल की है और शादीशुदा है। वह पूर्व कोलकाता में रहती है। रात करीब 9 बजे शुक्रवार को, वह ईएम बायपास के पास प्रगति मैदान थाना इलाके में एक बस स्टैंड पर एक ऐप कार का इंतज़ार कर रही थी। कथित तौर पर, जैसे ही कार रुकी, युवती को जबरदस्ती चलती गाड़ी में धकेल दिया गया। युवती ने पुलिस से शिकायत की कि उसे जबरदस्ती शराब पिलाई गई जिसमें कोई ड्रग मिला हुआ था और फिर उसके साथ मारपीट की गई। कार के अंदर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। बाद में, कार वाले उसे मैदान इलाके में छोड़कर चले गए। डरी हुई युवती के शरीर पर चोट के निशान थे और लोगों ने उसे बचाया। उसे असअसकेएम अस्पताल ले जाया गया और वहां उसका इलाज चल रहा है। बाद में, प्रगति मैदान थाने के अधिकारी अस्पताल पहुंचे और उसका बयान दर्ज किया। अधिकारियों ने कहा कि उसकी शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है, और दूसरे आरोपियों की तलाश जारी है।



विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# बांग्लादेशी तस्करों का बीएसएफ जवानों पर हमला, जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर ढेर

**❑ नदिया जिले में भारत–बांग्लादेश सीमा पर तस्करों और बीएसएफ जवानों के बीच हुई मुठभेड़**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शनिवार की रात बांग्लादेशी तस्करों और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के बीच मुठभेड़ हुई। बांग्लादेशी तस्करों ने जवानों पर जानलेवा हमला कर तस्करी का दुस्साहसिक प्रयास किया, जिसे बीएसएफ ने विफल कर दिया। इस दौरान आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में बीएसएफ की गोली से एक बांग्लादेशी तस्कर ढेर हो गया। बल के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता ने



रविवार को एक बयान में बताया कि यह घटना 32वीं वाहिनी की सीमा चौकी मतियारी इलाके में हुई। बीएसएफ अधिकारी ने दावा किया कि उनके जवानों ने घातक हमले का साहसपूर्वक सामना करते हुए बहुत संयम बनाए रखा। तस्करों द्वारा गंभीर खतरा पैदा किए जाने पर जवानों ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें एक बांग्लादेशी तस्कर की मौत हो गई, जबकि अन्य तस्कर वापस बांग्लादेश की ओर भाग निकले। मौके से एक कटर, चार धारदार हथियार, प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की 96 बोतलें और दो विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुईं। अधिकारी ने बताया कि जवानों ने मतियारी सीमा क्षेत्र में छह–सात भारतीय तस्करों को हाथों में प्लास्टिक पोटले लिए हुए सीमा की ओर बढ़ते देखा। ये तस्कर उन पोटलों को तारबंदी के उस पार फेंकने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें दूसरी ओर मौजूद बांग्लादेशी तस्कर इकट्ठा कर रहे थे। जवान ने उन्हें रुकने की चेतावनी दी लेकिन तस्करों पर इसका कोई प्रभाव नहीं हुआ। इसी दौरान धारदार दाह से लैस बांग्लादेशी तस्कर आक्रामक रूप से जवान की ओर बढ़े और दाह से जवान पर वार किया, जो उसके हथियार के फ्रंट हैंडगार्ड पर लगा। इस अफरातफरी के बीच अचानक ट्रिगर दब जाने से एक लाइव राउंड फायर हो गया। यह गोली एक बांग्लादेशी तस्कर को लग गई, जिससे वह तुरंत जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद, अन्य तस्कर घबराकर भागने लगे। भागते हुए वे घायल साथी को लगभग 50– 60 मीटर तक घसीटकर ले गए, मगर आगे का क्षेत्र जलभराव वाला होने के कारण वे उसे और फेंसेडिल से भरे पोटले वहीं छोड़कर बांग्लादेश की ओर भाग गए। घटना के बाद क्षेत्र में तुरंत गहन तलाशी अभियान चलाया गया। घायल बांग्लादेशी तस्कर को उपचार के लिए तुरंत कृष्णागंज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत तस्कर का शव तथा बरामद सामानों को बीएसएफ ने आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु कृष्णागंज थाने को सौंप दिया। बीएसएफ ने स्थानीय थाने में घटना की एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई है।

## विधानसभा चुनाव से पहले आम लोगों को टोपी पहनाने की कोशिश : शुभेंदु अधिकारी

### राज्य पुलिस की नियुक्ति परीक्षा पर नेता प्रतिपक्ष ने साधा निशाना

**पूर्व मेदिनीपुर :** भाजपा विधायक व नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से देखने के बाद राज्य पुलिस की नियुक्ति परीक्षा पर को लेकर तीखा हमला बोला। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि चुनाव से पहले यह सिर्फ लोगों को टोपी पहनाने जैसा है। आम लोगों को भ्रमित किया जा रहा है, क्योंकि फरवरी के दूसरे सप्ताह में चुनाव की घोषणा हो जायेगी। चुनाव घोषणा के बाद नियुक्ति करना संभव नहीं होगा। इसका उद्देश्य सिर्फ आ–वेदकों का चुनाव में इस्तेमाल करना है। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के तहत बंगाल से एक करोड़ नाम हटेंगे और पहले चरण में




लगभग 47 लाख नाम हट चुके हैं। उनके अनुसार, राज्य की जनता अब एकजुट हो चुकी है और उनकी ही कोशिशें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार को सत्ता से बाहर करेंगी। भाजपा नेता ने तृणमूल पर आइपैक और पुलिस प्रशासन की मदद से सत्ता में बने रहने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तृणमूल के खिलाफ जनता एकजुट है। मुख्यमंत्री बनर्जी को हटाना अब थोड़े समय की बात है।

## डोमकल में जमीन के नीचे से तीन प्लास्टिक कंटेनर से ताजा सॉकेट बम बरामद

**मुर्शिदाबाद :** जिले के डोमकल थाना अंतर्गत रायपुर ग्राम पंचायत के कुपिला बिस्वासपारा इलाके में ज़मीन के नीचे बड़ी संख्या में ताजा सॉकेट बम मिले हैं। पता चला है कि शनिवार की रात गुप्त सूचना के आधर पर पुलिस ने उक्त इलाके में कटहल के बगीचे के जंगल में जमीन से तीन प्लास्टिक के कंटेनर मिले, जिनमें लगभग 60 से 70 ताजा सॉकेट बम बरामद किए गए। बरामदगी के बाद, पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस ने पहले से ही वहां हथियारबंद सुरक्षा गार्ड तैनात कर दिए हैं ताकि कोई अनहोनी न हो। बम डिटेक्शन और डिस्पोज़ल स्क्वॉड और सीआईडी को सूचित किया गया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है, और आम लोग बमों की बरामदगी से घबरा गए हैं।

## एसआईआर विवाद के बीच कूचबिहार दौरे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

### दिसंबर में रास मेला मैदान में विशाल जनसभा

**कूचबिहार :** एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राज्य में जारी राजनीतिक तनाव के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अगले महीने कूचबिहार के दौरे पर जा रही हैं। लंबे अंतराल के बाद वह रास मेला मैदान में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगी।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री 9 दिसंबर, मंगलवार सुबह कूचबिहार पहुंचेंगी। उनके आगमन को लेकर जिला तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बताया जा रहा है कि रास मेला मैदान में बड़े स्तर पर जनसभा आयोजित की जाएगी।

इसके बाद मुख्यमंत्री एक प्रशासनिक बैठक भी कर सकती हैं, हालांकि उस कार्यक्रम की



औपचारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

राजनीतिक विश्लेषकों और स्थानीय लोगों का मानना है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान होने वाली यह सभा बेहद अहम होगी। राजनीतिक हलकों में यह उत्सुकता है कि मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाती हैं और अपने भाषण में क्या संदेश देती हैं।

## भारतीय संस्कृति संसद ने मनायी गीता जयंती

**कोलकाता, समाज्ञा :** गीता जयंती के शुभ अवसर पर श्लोकों, मंत्रों एवं पदों से सज्जित एक नए ढंग का कार्यक्रम 'गीता–सुगीता' भारतीय संस्कृति संसद ने अपने सभागार में शनिवार को आयोजित किया, जिसमें गीता का सार भी था और शिक्षा भी। स्वर, वाद्य एवं संगीतमय प्रस्तुत इस अभिनव आयोजन का प्रारंभ संस्था की उपाध्यक्षा डॉ तारा दूगड़ के स्वागत भाषण से हुआ। मंच पर चिन्मय मिशन से पधारे स्वामी दिवाकर चैतन्य ने बीच–बीच में गीता के चुने हुए श्लोकों को सस्वर प्रस्तुत किया। स्वामी जी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत संस्था अध्यक्ष डॉ बिट्ठलदास मूंधडा ने किया। संगीत प्राचार्या रमाजी अग्रवाल ने गीतों एवं भजनों को धुन प्रदान की। उनका स्वागत मनीषा की अध्यक्षा ऊषा मोदी ने



किया। पदों का प्रभावी पाठ नाट्य निर्देशक एवं लेखक पलाश चतुर्वेदी ने किया। ऋचा अग्रवाल एवं मीता गाडोदिया ने मनमोहक स्वरों में भजनों की सम्मोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में राज गोपाल सुरेका एवं शंकर लाल सोमानी सक्रिय थे। शिव किशन दमानी, अरुण शर्मा, नीरव शाह, विनोद बागड़ी, अजय अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, प्रह्लाद राय गोयनका, अजयेन्द्र त्रिवेदी तथा जमुना मूंधडा, अर्चना अग्रवाल, संगीता शर्मा, दुर्गा व्यास, नीता अग्रवाल, लता लोहिया आदि गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एसआईआर कार्य के दबाव में तमलुक का एआरओ बीमार

### कोलकाता के अस्पताल में भर्ती

**मेदिनीपुर :** एसआईआर प्रक्रिया के काम के दबाव में एक और अधिकारी के बीमार होने की खबर सामने आई है। रविवार को तमलुक में एक एआरओ की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और वहां से हालत गंभीर होने पर कोलकाता के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज अस्पताल में रेफर किया गया।

बीमार अधिकारी की पहचान विवेकानंद पाल के रूप में हुई है। वह पिंगला ब्लॉक के यूथ ऑफिसर हैं और विशेष संक्षिप्त संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया में एआरओ का दायित्व संभाल रहे थे। परिवार का आरोप है कि लगातार बढ़ते दबाव और काम के बोझ के कारण उनकी सेहत खराब हुई है।

परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से विवेकानंद पाल अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। रविवार सुबह शौचालय से लौटने के बाद अचानक उनकी वाणी बंद हो गई और वे बात नहीं कर पा रहे थे। तुरंत उन्हें तामलुक के ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें कोलकाता भेजा गया।

विवेकानंद पाल तामलुक के चंडीपुर के निवासी हैं। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और कर्मचारियों में चिंता का माहौल है।

## माकपा की 'बंगाल बचाओ' यात्रा जलपाईगुड़ी में पहुंची, हजारों लोग हुए शामिल

**सिलीगुड़ी :** जलपाईगुड़ी जिले में रविवार को हजारों माकपा कार्यकर्ताओं ने 'बंगाल बचाओ' रैली में भाग लिया और लोगों से श्रमिकों, किसानों और गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए 2026 के विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाने का आग्रह किया। माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम और केंद्रीय समिति सदस्य मीनाक्षी मुखर्जी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लाल झंडे लेकर और ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए फलकाटा, धूपगुड़ी और मोयनागुड़ी के रास्तों से मार्च किया। इस दौरान, मीनाक्षी मुखर्जी ने आरोप लगाया कि बंद चाय बागानों से लेकर अन्य राज्यों में प्रवासियों की सुरक्षा, अस्थायी श्रमिकों का नियमितीकरण, ठेका प्रणाली को खत्म करना, चाय बागान मजदूरों के लिए उचित मजदूरी तक, हम बंगाल में गरीब लोगों के सामने आने वाले इन सभी ज्वलंत मुद्दों को उजागर कर रहे हैं। यह सरकार रोजगार पैदा करने में विफल रही है और राज्य के लिए केवल विनाश लेकर आई है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल शासन के 14 वर्षों में 3,822 से अधिक स्कूल बंद कर दिए गए, जबकि इस अवधि के दौरान 22,000 शराब की दुकानें खुलीं। सलीम और अन्य नेताओं ने मोयनागुड़ी क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित लोगों से भी मुलाकात की और उनसे बातचीत की।


## विवाह वर्षगांठ पर दंपति ने सौ से अधिक लोगों को दिए कृत्रिम अंग

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता के एक दंपति ने अपने वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूरे होने पर असहाय और शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को कृत्रिम अंग दान कर मानवता की मिसाल पेश की है। रविवार को बिधाननगर में आयोजित 'उमीद के रंग' नामक इस विशेष कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न इलाकों से सैकड़ों दिव्यांगजन उपस्थित हुए। रंग निर्माण करने वाली कंपनी जे.के. प्रोटोमैक्स की पहल पर न सिर्फ कृत्रिम अंग वितरित किए गए, बल्कि उपस्थित लोगों के लिए चिकित्सा जांच और उपचार की भी व्यवस्था की गई।

## पर्पल लाइन में बढ़ेंगी मेट्रो सेवाएं, सेवा समय भी बढ़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** महान–गरवासियों के लिए राहत की खबर! कोलकाता मेट्रो की पर्पल लाइन पर 1 दिसम्बर (सोमवार) से कार्यदिवसों में अधिक मेट्रो सेवाएं चलाई जाएंगी और सेवा समय भी बढ़ाया गया है। इससे माझेरहाट स्टेशन पर पूर्व रेलवे की लोकल ट्रेनों का उपयोग करने वाले उपनगरीय यात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी। अब सोमवार से शुक्रवार तक इस लाइन पर प्रतिदिन 84 मेट्रो (42 अप और 42 डाउन) चलेंगी, जबकि पहले 80 सेवाएं उपलब्ध थीं। पहली मेट्रो जोका से मेजरहाट सुबह 06.40 बजे और मेजरहाट से जोका 07.03 बजे चलेगी। अंतिम सेवाएं क्रमशः रात 21.05 और 21.26 बजे प्रस्थान



करेंगी।

मेट्रो प्राधिकरण ने बताया कि सेवा विस्तार से सुबह और देर शाम यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। पर्पल लाइन पर शनिवार को 22 नवम्बर 2025 से ही सेवाएं शुरू हो चुकी हैं, जिनमें 40 मेट्रो चलाई जा रही हैं। रविवार को इस लाइन पर सेवाएं बंद रहेंगी।

## अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल ने अभिभावक दिवस मनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल ने बाल–कक्ष और प्राथमिक विभाग में शनिवार को सभागार में हर्षोल्लास के साथ दो चरणों में अभिभावक दिवस मनाया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अबीरा दास, उप प्रधानाचार्या, शिक्षक प्रभारी, मुख्याध्यापक ने अपने कर–कमलों से गणेश जी और माता सरस्वती जी की प्रतिछवि पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अग्रसेन बालिका विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विद्यालय ने दोनों विभाग के समस्त छात्रों के अभिभावकों को आमंत्रित किया था। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने उप–स्थित अतिथिगण का अभिवादन करते हुए अपने संबोधन के माध्यम



से इस विशेष कार्यक्रम के महत्व को उजागर किया। विद्यालय के बाल कक्ष और प्राथमिक विभाग के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो की सराहनीय था। इसके अलावा बाल कक्ष विभाग के अभिभावकों ने पहली बार अभिभावक दिवस पर विशेष वेशभूषा उत्सव में रचनात्मक और कल्पनाशील वेशभूषा पहनकर उत्कृष्ट कार्यक्रम प्रदर्शन किए, जो कि बहुत ही आकर्षणीय था। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या और उप प्रधानाचार्या के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् राष्ट्रगान के उपरांत इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

## न्यूट्रीशनिस्ट लीमा महाजन ने पाम ऑयल पर रखे विज्ञान-आधारित तथ्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** खाद्य तेलों को लेकर उपभोक्ताओं के बीच बढ़ते भ्रम को देखते हुए मलेशियन पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) ने छह–भाग की नई पॉडकास्ट सीरीज़ लॉन्च की है। इसका उद्देश्य भारतीय परिवारों को तथ्य–आधारित और संतुलित विकल्प चुनने में मदद करना है। पहले दो एपिसोड में पोषण विशेषज्ञ लीमा महाजन शामिल हैं, जो रसोई की सहज बातचीत के माध्यम से स्वास्थ्य, आहार वसा, स्थिरता और भ्रामक मार्केटिंग लेबल्स पर स्पष्ट जानकारी देती हैं। पहले एपिसोड में वह समझाती हैं कि किसी एक तेल को पूरी तरह छोड़ने की जगह तेलों को रोटेट कर उपयोग करना अधिक लाभकारी है। दूसरे एपिसोड में वह नो पाम ऑयल लेबलों की सच्चाई बताती हैं, जिन्हें अक्सर डर–आधारित और भ्रामक बताया जाता है। सीरीज़ में प्रस्तुत शोध के अनुसार पाम ऑयल एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर और स्वाभाविक रूप से कोलेस्ट्रॉल–मुक्त है।

## मालदह मंडल में मोबाइल टिकटिंग को बढ़ावा




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वोत्तर रेलवे के मालदह मंडल ने रविवार को न्यू फरक्का स्टेशन पर यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के उपयोग के लिए जागरूक किया। डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में चले इस अभियान में वाणिज्य निरीक्षकों और टिकट जांच कर्मियों ने ऐप डाउनलोड, रजिस्ट्रेशन और टिकट बुकिंग की पूरी प्रक्रिया यात्रियों को समझाई। अभियान के दौरान 120 से अधिक यात्रियों के मोबाइल में यूटीएस ऐप इंस्टॉल कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि ऐप से 3% बोनस आर–वॉलेट रिचार्ज, टिकट काउंटर पर भीड़ से मुक्ति, पेपरलेस और कैशलेस टिकटिंग की सुविधा मिलती है। यह पहल डिजिटल इंडिया मिशन के तहत यात्रियों को तकनीक–आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## बांग्लादेश से आए 12 हिंदू शरणार्थियों को सीएए के तहहत मिली भारतीय नागरिकता

### नागरिकता पाने वालों में विशेष रूप से मतुआ समुदाय के लोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए 12 हिंदू शरणार्थियों को आखिरकार संशोधित नागरिकता कानून(सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता मिल गई है।

लंबे इंतजार और अनिश्चितता के बाद उन्हें कानूनी पहचान प्राप्त हुई है। बांग्लादेश से सालों पहले अपने धर्म और पहचान पर हुए हमलों के कारण भारत आए हिंदू शरणार्थियों के लिए बड़ा राहत भरा दिन आया है। बंगाल के विभिन्न सीमावर्ती इलाकों में बसे इन लोगों को सीएए के तहत 12 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। ये वे परिवार हैं जो बिना घर, बिना जमीन और बिना किसी दस्तावेज के केवल इस विश्वास के साथ सीमा पार आए थे कि भारत ही उनका सुरक्षित घर है। पिछले दो महीनों में राज्य के नदिया और कूचबिहार जैसे जिलों में सीएए सहायता केंद्रों के माध्यम से आवेदनों की प्रक्रिया पूरी की गई।

दस्तावेजों की जांच के बाद प्रशासन ने इन शरणार्थियों को आधिकारिक तौर पर भारतीय नागरिकता प्रदान की। इसमें विशेष रूप से मातुआ समुदाय के परिवार शामिल हैं, जो लंबे समय से पहचान और अधिकारों के अभाव में असुरक्षा में जी रहे थे। सरकार का कहना है कि यह नागरिकता किसी उपकार के रूप में नहीं, बल्कि सालों से लंबित न्याय के रूप में दी गई है।

नागरिकता प्रमाण पत्र मिलने के बाद लाभार्थियों ने राहत व्यक्त की और कहा कि अब उन्हें न तो अपनी पहचान साबित करनी पड़ेगी, न ही भविष्य को लेकर भय में जीना होगा। 2019 के बाद नागरिकता से जुड़े नियमों में बदलाव और 2024 में जारी प्रमाणपत्र वितरण अभियान के तहत यह नागरिकता सौंपी गई।

## 'ऑपरेशन अमानत' के तहत आरपीएफ ने यात्रियों का छूटा सामान किया वापस



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों की सुरक्षा और उनकी संपत्ति की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एक बार फिर साबित की है। 'ऑपरेशन अमानत' के तहत आरपीएफ ने अलग–अलग स्टेशनों और ट्रेनों से यात्रियों द्वारा छोड़ा गया बहुमूल्य सामान बरामद कर उसे उनके मालिकों तक सुरक्षित पहुंचाया। 29 नवम्बर को हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदा मंडलों की आरपीएफ टीमों ने विभिन्न ट्रेनों एवं स्टेशनों से 02 कंबल, 01 सूटकेस और 16 बैग बरामद किए। इनमें कपड़े, महत्वपूर्ण दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाइल चार्जर, घड़ी, जूते, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, मेकअप सामग्री, अन्य आवश्यक वस्तुएं तथा 22,000 नकद शामिल थे। बरामद सामान का कुल मूल्य लगभग 2,75,500 आंका गया है। ये सामान हावड़ा, डांकुनी, बर्दवान, सियालदह, नैहाटी, आसनसोल, दुर्गापुर, जामताड़ा, सुल्तानगंज, साहिबगंज, जमालपुर और भागलपुर स्टेशनों से प्राप्त हुए। आरपीएफ ने सभी सामान आवश्यक औपचारिकताओं और सत्यापन के बाद यात्रियों को सौंप दिया।

## मालदह में वैवाहिक विवाद के कारण पत्नी ने की पति की हत्या, पत्नी गिरफ्तार

**मालदह :** जिले के बामनगोला थाना इलाके में एक महिला ने कथित तौर पर विवाद के चलते अपने पति की हत्या कर दी। मृतक की पहचान बिस्वजीत सरकार के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पंपा रॉय को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि बिस्वजीत सरकार और पंपा रॉय ने छह साल पहले लव मैरिज की थी और उनकी एक बेटी भी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, टोल प्लाजा में काम करने वाले बिस्वजीत सरकार और पंपा रॉय के बीच अक्सर झगड़ा होता था। शनिवार की रात को भी जब बिस्वजीत काम से घर आया तो



उनके बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जब बिस्वजीत सरकार रात 8.30 बजे घर लौटा, तो पंपा रॉय ने उसे घर में घुसने से रोका, जिससे बहस हो गई। जैसे ही सरकार ने रॉय को धक्का देकर घर में घुसने की कोशिश की, वैसे ही महिला ने गुस्से में आकर उसके पेट में चाकू घोंप दिया। हमले के बाद, बिस्वजीत खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया और मदद के लिए चिल्लाया। उसकी आवाज सुनकर पड़ोसी घर की तरफ दौड़े और उसे मालदह मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल ले गए। घटना के बाद बामनगोला थाने को मामले की सूचना दी गई। पुलिस घटना की जांच करने के लिए हॉस्पिटल और घर गई। जांच के दौरान जानकारी इकट्ठा करने के बाद आरोपी पत्नी को गिरफतार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि सरकार ने शनिवार देर रात हॉस्पिटल में इलाज के दौरान आखिरी सांस ली। पुलिस हत्या की वजह का पता लगा रही है।



**पुअर ह्यूमन ट्रस्ट के द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया थीम पर वार्षिक खेल दिवस का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें 120 बच्चों ने हिस्सा लिया। संस्था द्वारा बच्चों को मेमोरी मेडल दिया गया और उन्हें पहला, दूसरा और तीसरा का अवार्ड दिया गया। संस्था के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।**

## अब दिघा यात्रा में भोजन की चिंता नहीं, जगन्नाथ मंदिर शुरू करेगा तीनों समय भोजन सेवा

**मेदिनीपुर :** दिघा के जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्राधिकरण ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब सिर्फ भोग ही नहीं, बल्कि आदेश देने पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए मामूली शुल्क तय किया गया है।

दिघा घूमने आने वाले पर्यटक अक्सर समय पर भोजन की व्यवस्था को लेकर परेशान रहते थे। इस समस्या को दूर करने के उद्देश्य से मंदिर प्रशासन ने थ्री–टाइम फूड डिलीवरी सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। होटल में बैठे–बैठे ही फोन पर ऑर्डर देकर भोजन मंगवाया जा सकेगा।



मेनू और कीमतें भी बेहद किफायती हैं। नाश्ते में लूची–सब्जी 50 रुपये में और खिचड़ी पैकेज 100 रुपये में मिलेगा। हालांकि नाश्ते के लिए ऑर्डर एक दिन पहले रात 9 बजे तक देना होगा। दोपहर और रात के भोजन में दो प्रकार के पैकेज मिलेंगे–साधारण और स्पेशल। साधारण पैकेज में अन्न भोग के साथ पांच पकवान मिलेंगे–कुल खर्च 100 रुपये। स्पेशल पैकेज में आठ व्यंजन, जिनमें घी पराठा और पनीर भी शामिल–दाम 150 रुपये। इसके अलावा रोजाना मंदिर में भगवान को जो भोग चढ़ेगा, उसका एक हिस्सा महाप्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को उपलब्ध होगा। इससे लोगों को प्रतिदिन नए स्वाद का अनुभव मिलेगा। मिठाई पैकेज भी उपलब्ध होंगे, जिनमें गजा, पेड़ा, खाजा और लड्डू शामिल हैं। इनकी कीमत 50 से 100 रुपये तक होगी।

मंदिर में बैठकर भोजन करने की सुविधा भी होगी, जबकि होटल डिलीवरी पर प्रति पैकेज 10 रुपये अतिरिक्त चार्ज देना होगा।

श्रद्धालु और पर्यटक इस सेवा को लेकर उत्साहित हैं और इसे दिघा पर्यटन में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

# भारत के किसी भी राज्य में नहीं चाहिए बाबरी मस्जिद : शाकिर अली

**हुगली, समाज्ञा :** तृणमूल विधायक के प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के शिलान्यास का तृणमूल के पार्षद ने तीखा प्रतिवाद किया है। रिसड़ा नगरपालिका के 4 नंबर वार्ड के तृणमूल पार्षद शाकिर अली ने तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद बनाये जाने के बयानों का मुहंतोड़ जबाब देते हुए कहा कि भारत के किसी भी राज्य में मुसलमानों को बाबरी मस्जिद नहीं चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक हुमायूं कबीर बीजेपी के सहारे मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं और 2026 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बंगाल में



बीजेपी का रास्ता साफ करने की कोशिश कर रहे हैं। शाकिर अली ने इसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वोट बैंक को चोट पहुंचाने की 'बड़ी साजिश' बताया है। उन्होंने कहा कि मुसलमान शिक्षा, रोजगार और उज्ज्वल भविष्य चाहते हैं, न कि मस्जिदों के विवाद में फंसना। आगे शाकिर अली ने सवाल उठाया 500 साल पुराने बाबरी मस्जिद के मुद्दे को आज हवा क्यों दी जा रही है? आखिर इसकी जरूरत किसे है। उन्होंने कहा कि भारत में अब तक हजारों मस्जिदें बनी हैं, लेकिन कभी किसी मस्जिद का नाम बाबरी मस्जिद नहीं रखा गया। उन्होंने यह भी कहा कि हुमायूं कबीर का बीजेपी के साथ 'घनिष्ठ संबंध' है, और इसी वजह से वह विवादित मुद्दों को हवा दे रहे हैं। अपने बयान में शाकिर अली ने हुमायूं कबीर पर कटाक्ष करते हुए कहा बाबर का असली बेटा कौन है जो कब्र में दफन हुमायूं है या फिर टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर। शाकिर अली के इस बयान के बाद बंगाल की सियासत में एक बार फिर नई हलचल मच गई है। शाकिर अली का आरोप 'हुमायूं कबीर पहले कांग्रेस में थे, निजी स्वार्थ के लिए टीएमसी में आए और अब पार्टी की जड़ें खोदने में लगे हैं। उनके मुताबिक, हुमायूं कबीर के ऐसे बयान सिर्फ राजनीतिक माहौल को खराब करने और बीजेपी को फायदा पहुंचाने की कोशिश हैं। शाकिर अली ने तंज कसते हुए कहा कि '1992 में जब बाबरी ढांचा गिरा, तब हुमायूं कबीर कांग्रेस में थे तब मस्जिद बनाने की पहल क्यों नहीं की। उन्होंने सवाल किया कि आज इतने सालों बाद वे अचानक बाबरी मस्जिद के विवादित मुद्दे को क्यों सुलगा रहे हैं। सौहार्द्र के माहौल को भड़काने की सोची-समझी कोशिश है। हुमायूं कबीर जानबूझकर ऐसे बयान दे रहे हैं जो पश्चिम बंगाल में सियासी माहौल को गर्म और समुदायों के बीच तनाव बढ़ाने का काम कर रहे हैं। विधायक हुमायूं कबीर पर कथित आरोप लगाया कि वे पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि इस मुद्दे को उछालकर राज्य का सियासी माहौल गर्म किया जा सके।

# बीएलओ का बढ़ा हुआ मानदेय तुरंत जारी करें, ममता सरकार को चुनाव आयोग का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने राज्य की ममता सरकार को बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का बढ़ा हुआ मानदेय जारी न करने के लिए फटकार लगाई है। चुनाव आयोग ने कहा कि देरी 'बहुत अजीब' है और यह राशि तत्काल जारी की जानी चाहिए। गत 28 नवंबर को तृणमूल प्रतिनिधमिमंडल के साथ हुई बैठक के दौरान चुनाव आयोग ने यह बात कही थी। चुनाव आयोग ने सभी राज्यों के बीएलओ के मानदेय में बढ़ोतरी की अधिसूचसूना जारी की थी। राज्य सरकार द्वारा यह मानदेय अभी तक जारी नहीं किया गया है। चुनाव आयोग ने तृणमूल प्रतिनिधिमंडल से कहा था कि यह देखना बहुत अजीब है कि बीए-लओ के लिए हर साल 12,000 रुपये का बढ़ा हुआ मानदेय और एसआईआर के लिए बीएलओ को अतिरिक्त 6,000 रुपये की राशि अभी तक राज्य सरकार द्वारा जारी नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने जोर देकर कहा कि इस भुगतान को किसी भी और देरी के बिना किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग ने तृणमूल प्रतिनिधिमंडल बताया था कि बीएलओ के लिए सालाना 12,000 का बढ़ा हुआ मानदेय और एसआईआर के लिए अतिरिक्त 6,000 रुपये की राशि को चुनाव आयोग ने अनुमोमोदित किया था। यह अधिसूचना पहले ही जारी कर दी गई थी, जिसमें देश भर के सभी बीएलओ के लिए बढ़े हुए पारिश्रमिक को अधिसूचित किया गया था। आयोग ने साफ तौर पर निर्देश दिया है कि बीए-लओ के बढ़े हुए मानदेय और एसआईआर के लिए स्वीकृत अतिरिक्त राशि का भुगतान बिना किसी और विलंब के तत्काल किया जाना चाहिए।

# अवैध बालू से लदे ट्रक के साथ तीन गिरफ्तार

**हुगली :** जिला ग्रामीण पुलिस के निर्देश पर बलागढ़ थाने की पहल में मुक्तारपुर बस स्टैंड पर विशेष नाका चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व डीएसपी (क्राइम) अभिजीत सिन्हा महापात्र, सीआई मोगरा सौमेन विश्वास और ओसी सोमदेव पात्र ने किया। बलागढ़ थाने के अन्य अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में सभी प्रकार के वाहनों की तलाशी ली गई।



इस दौरान बालू लदे ट्रकों के वैध कागजातों की जांच की गई, मोटरसाइकिल सवारों को हेलमेट पहनने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। साथ ही सभी वाहनों के ड्राइवरों की मशीन के जरिए यह जांच की गई कि वे नशे की हालत में वाहन तो नहीं चला रहे हैं, और इस विषय में लोगों को जागरूक भी किया गया। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि बलागढ़ थाने की नियमित कार्रवाई के तहत दो अवैध सफेद बालू लदे ट्रक को जब्त किया गया। इसके अलावा एक अन्य ट्रक को पकड़ा गया। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और कानून की उचित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए।

# एडमिट कार्ड में लिंग परिवर्तन से परीक्षा देने से वंचित रही रिचा, भविष्य पर गहराया संकट

**हुगली :** जिले के कोन्ननगर नवग्राम विद्यापीठ हाई स्कूल में राज्य पुलिस भर्ती की परीक्षा देने आई रिचा कुमारी झा परीक्षा देने से वंचित रह गई। दरअसल रिचा के एडमिट कार्ड में गलती से लिंग परिवर्तन कर दिया गया। वह उत्तर 24 परगना जिले के नैहाटी, हाजीनगर की निवासी हैं। राज्य पुलिस में कांस्टेबल पद की भर्ती परीक्षा में बैठने वाली थीं, लेकिन आरोप है कि उन्हें परीक्षा देने से रोक दिया गया। रिचा का कहना है कि उनके एडमिट कार्ड में स्त्री की जगह पुरुष लिखा हुआ था, जिसके कारण उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया गया। रिचा के मुताबिक, एडमिट कार्ड मिलने के बाद ही उन्हें यह



गलती दिखाई देती है। उन्होंने तुरंत कई जगह ईमेल कर इस गलती की जानकारी दी, लेकिन इसके बावजूद कोई समाधान नहीं मिला। रविवार को राज्य पुलिस भर्ती की परीक्षा थी। कोन्ननगर नवग्राम विद्यापीठ हाई स्कूल में कुल 352 अभ्यर्थियों की सीटें थीं। वहीं पर रिचा को परीक्षा देनी थी। रिचा का आरोप है कि जब वह परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने गईं, तो वहां मौजूद अधिकारियों ने उनका एडमिट कार्ड जांचा और पाया कि उसमें जेंडर पुरुष लिखा है। इसके बाद उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया। रिचा का कहना है कि वैसे भी सरकारी नौकरी की परीक्षाएं बहुत कम होती हैं। ऐसे में अगर किसी की गलती की वजह से परीक्षा देने का मौका ही न मिले, तो भविष्य पर संकट आ जाएगा। उन्होंने बताया कि उस केंद्र पर सभी पुरुष परीक्षार्थियों की सीटें थीं, इसलिए उन्हें अनुमति नहीं दी गई। स्थानीय निवासी टुलटुल दे ने कहा, यहां बहुत सारे परीक्षार्थी आए थे। हम सुबह से परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे और जिसे भी कोई दिक्कत हो रही थी, उसकी मदद कर रहे थे। इसी दौरान हमने देखा कि एक लड़की परीक्षा देने आई है, लेकिन उसके एडमिट कार्ड में जेंडर की जगह मेल लिखा हुआ है। इस वजह से वह परीक्षा नहीं दे पाई। बहुत बुरा लगा, लेकिन हमारे हाथ में भी कुछ नहीं था।

# बीएसएफ ने नकली मुद्रा की तस्करी को किया नाकाम



**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) पर नकली मुद्रा की तस्करी के एक बड़े प्रयास को नाकाम कर दिया है। इस दौरान बीएसएफ ने बड़ी मात्रा में नकली नोट भी जब्त किए हैं। भारतीय सीमा सुरक्षा बल की तरफ से बताया गया कि बीएसएफ की दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 194वीं बटालियन के जवानों ने राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा पर नकली मुद्रा की तस्करी के दौरान कुल 3,08,000 रुपए मूल्य के 500-500 रुपए के 616 नकली नोट जब्त किए गए।

# चितपुर में बुजुर्ग पिता को पीटने के आरोप में दो कलयुगी भाई गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के चितपुर थाना इलाके में बुजुर्ग पिता को पीटने के आरोप में दो कलयुगी भाईयों को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि शिकायत के आधार पर, आरोपी दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। पिता की हत्या की कोशिश के आरोप में केस दर्ज किया गया है। हालांकि, गिरफ्तार दोनों लोगों का दावा है कि पिता और मां ने बहुत ज़्यादा नींद की गोलियां खा ली थीं। नींद में बेहोश होने के बाद उन्हें चोट लगी। हालांकि, जांचकर्ताओं का मानना है कि यह विशावसयोग्य नहीं है। पुलिस को शक है कि इसके पीछे कोई और वजह है। और उसकी जांच की जा



रही है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम सुरजीत चौधरी और अभिजीत चौधरी हैं। उनका घर चितपुर थाना अंतर्गत राजा मनिंद्र रोड पर है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तपन चौधरी और उनकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ रहते हैं। दोनों बुजुर्ग हैं और उन्हें बुढ़ापे से जुड़ी कई परेशानियां हैं। दोनों को रात में नींद की गोलियां लेनी पड़ती हैं। आरोप है कि सुरजीत चौधरी और अभिजीत चौधरी की पिटाई से पिता तपन चौधरी की पसलियां टूट गईं। यहां तक कि शरीर के कई हिस्सों में भी चोटें आई हैं। फिलहाल, बुजुर्ग पिता का आईसीयू में इलाज चल रहा है। आरोप है कि बुजुर्ग मां को भी पीटा गया। हालांकि, वह कुछ समय के लिए अस्पताल में भर्ती थीं, लेकिन हाल ही में उन्हें छुट्टी मिली है।

पुलिस अधिकारी इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि क्या प्रॉपर्टी के झगड़े की वजह से माता-पिता को पीटा गया था। गिरफ्तार किए गए दोनों भाइयों से अलग-अलग पूछताछ की जा रही है।

# हावड़ा सिटी पुलिस ने मालिपंचघड़ा में किया रक्तदान शिविर आयोजित



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सिटी पुलिस के मालिपंचघड़ा थाना द्वारा एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस कर्मी और स्थानीय निवासी दिल से आगे आए और रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त आईपीएस प्रवीणा कुमार त्रिपाठी, विधायक गौतम चौधुरी, संयुक्त पुलिस आयुक्त आईपीएस के. साबरी राजकुमार, उत्तर डीसीपी आईपीएस बिश्वचंद ठाकुर तथा हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष शंकर सान्याल समेत अन्य गणमान्य उप-स्थित रहे। यह पहल पुलिस और जनता के बीच मानवता और सेवा के प्रति संयुक्त समर्पण को दर्शाती है।

# संजीवनी सेवा ट्रस्ट का स्वेच्छा रक्तदान शिविर संपन्न

**हावड़ा, समाज्ञा :** संजीवनी सेवा ट्रस्ट द्वारा हावड़ा लायंस अस्पताल में एक स्वेच्छा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सचिव मानव सराफ एवं लायंस ब्लड बैंक के चेयरमैन दिनेश माधोगरिया ने किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष विश्वनाथ सेक्सरिया, ट्रस्टी संजय तोदी, विजय शंकर मोदी के सलाह पर ट्रस्ट के सह सचिव एवं शिविर संयोजक जय प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 20 पुरूष एवं महिला रक्तदात-ाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। हावड़ा लायंस ब्लड बैंक के मेडिकल पदाधिकारियों ने रक्त संग्रह किया। इस मौके पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दत्त, लायंस अस्पताल के चेयरमैन पवन परसुरामपुरीया, आर के गुप्ता,




लायंस क्लब के अध्यक्ष विनित जैन, संजीवनी सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी विजय कुमार गुजरवासिया, राजेंद्र सराफ, सुधीर अजितसरिया, सनी राय, अरूण अग्रवाल, रमेश ठाकुर, अजय कुमार बैद, मित्र संघ अस्पताल के अनुज दुबे (मुन्ने दा) सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर को सफल बनाने में शिविर प्रभारी चिरंजीवी घोष, विजय मिश्रा, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता (गोपाल), प्रदीप शर्मा, अक्षत सराफ, पवन कुमार अग्रवाल, किशोर सोनकर, वृजमोहन अग्रवाल, पवन कुमार बैद, अंकित महतो आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# बांकुड़ा में सड़क दुघर्टना में मां-बेटे की मौत, पिता घायल

**बांकुड़ा :** जिले के रसुलपुर इलाके में रविवार की दोपहर एक सड़क दुर्घटना में एक महिला और उसके 12 वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि महिला का पति बाल-बाल बच गया। घटना बांकुड़ा-बर्दवान राज्य सड़क पर देउली मोड़ के पास हुई। मिली जानकारी के अनुसार, दंपति और उनका बेटा बाइक पर सवार होकर रसुलपुर से बर्दवान की ओर जा रहे थे। तभी, पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर जा गिरे। इसके बाद, ट्रक का पहिया मां और बच्चे के ऊपर से गुजर गया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी और बेटे को अपनी आंखों के सामने




खो देने के बाद पिता घटनास्थल पर ही स्तब्ध बैठकर रोने लगे। स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पात्रसायर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और ट्रक को जब्त कर लिया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# सीटा ने जीएसटी विभाग के साथ मिलकर जागरूकता बैठक आयोजित की

**❑ व्यापारियों की समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीटा) ने अपने सदस्यों को जीएसटी संबंधी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जीएसटी विभाग के सहयोग से एसओडी , एंट्री टैक्स, नई जीएसटी रजिस्ट्रेशन, कर दर में संशोधन और व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु सीटा सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में जीएसटी विभाग से एडिशनल कमिश्नर उज्वल भट्टाचार्य, जॉइंट कमिश्नर अनिर्बन तालुकदार (कोलूटोला एवं इज़रा स्ट्रीट चार्ज), रजत कांति सरकार (चांदनी चौक प्रिंसिप स्ट्रीट चार्ज), मधुमिता कुंडू (बहू बाजार चार्ज) तथा सेल्स टैक्स ऑफिसर अनिर्बन बसु और अभिजीत हवलदार उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा द्वारा अतिथियों के सम्मान और संबोधन से हुई। मंच संचालन अरविंद कुमार डागा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं टैक्सेशन एवं फाइनेंस के अध्यक्ष मुकेश सिंहा, पूर्व अध्यक्ष मदन मोहन भट्टर, अरविंद डागा और उमाकांत अग्रवाल (बंटी) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव आलोक सिंह, उपाध्यक्ष कमल कुमार सुराणा, पूर्व अध्यक्ष विजय सुराणा, पूर्व सचिव मनीष चतुर्वेदी, अविनाश वर्मा, अमित झुनझुनवाला, दिलीप मारोडिया, जिनेश रामपुरिया, धीरज सिंधी और हेमंत बागड़ी सहित कई सदस्य उपस्थित थे। बैठक में इज़रा स्ट्रीट अग्निकांड से प्रभावित दुकानदारों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। सीटा ने पूर्व में जीएसटीआर-3बी की तिथि बढ़ाने की अपील की थी। विभाग ने सूचित किया कि मामले की जांच कर रिपोर्ट नवान्न को भेजी जा चुकी थी और तिथि बढ़ाने की तैयारी लगभग पूर्ण थी। लेकिन सीटा के टैक्सेशन अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया कि सभी प्रभावित व्यापारियों ने समय पर अपनी रिटर्न दाखिल कर दी है। विभाग ने व्यापारियों की जिम्मेदारी और तत्परता की सराहना की और भविष्य में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। संस्था ने विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बर्दवान में लापता तृणमूल नेता का शव तालाब से बरामद

**बर्दवान :** बर्दवान में एक तृणमूल नेता की रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया है। पता चला है कि घर से दूर सड़क किनारे तालाब से शव बरामद किया गया। यह हत्या था या दुर्घटना, यह साफ नहीं है। इस घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है। पुलिस और परिवार के सूत्रों ने बताया है कि मृत तृणमूल नेता का नाम शुभेंदु मलिक उर्फ हबल है। वह बर्दवान के पारुल गांव की ग्राम पंचायत नंबर 2 में बूथ नंबर 114 के सदस्य थे। परिवार वालों ने बताया कि वह शनिवार की सुबह काम पर निकले थे और दोपहर से लापता थे। उनसे संपर्क करने की कोशिश करने के बाद भी, परिवार वालों का फोन पर संपर्क नहीं हो पाया। पंचायत के मुखिया और डिप्टी मुखिया ने भी फोन किया लेकिन बात नहीं हो पाई। सभी ने कहा कि फोन स्विच ऑफ था। फिर, रविवार की सुबह स्थानीय लोगों ने उन्हें इटला गांव के एक तालाब में पड़ा देखा। उनकी बाइक तालाब के किनारे पड़ी थी। पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने लाश को निकालकर ऑटोप्सी के लिए भेज दिया। मौत की वजह को लेकर संशय है। जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि उसकी हत्या हुई थी या दर्घटना में मौत हुई थी। पुलिस ने कहा कि शुरुआती ऑटोप्सी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो पाएगी।

# कफ सिरप तस्करी का आरोपी कोलकाता हवाई अड्डे से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में पुलिस ने विदेश भागने की कोशिश कर रहे कफ सिरप तस्करी के कथित मास्टरमाइंड झारखंड निवासी भोला प्रसाद जायसवाल को कोलकाता पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि सोनभद्र पुलिस ने 18 अक्टूबर को दो कंटेनर ट्रक से कफ सिरप की लगभग 1.20 लाख बोतलें बरामद की थीं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान गाजियाबाद और झारखंड के रांची में भी कफ सिरप की बोतलें बरामद की गई थीं तथा एक फर्म के मालिक भोला प्रसाद जायसवाल का नाम संज्ञान में आया



था। अधिकारी ने बताया कि पूर्वांचल के कई जिलों में नकली फर्मों को लगभग 25 करोड़ की प्रतिबंधित कफ सिरप की आपूर्ति किये जाने की जानकारी मिली थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोनभद्र में भी दो फर्जी कम्पनियां पायी गई थीं, जिनकी जांच ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा की गई थी और राबर्ट्सगंज थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में भी भोला जायसवाल वांछित था। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूत्रों से सूचना मिली थी कि जायसवाल कोलकाता हवाई अड्डे से विदेश के लिए उड़ान पकड़ने की फिराक में है, जिसका पता लगने पर पुलिस ने आरोपी को कोलकाता पुलिस की मदद से हवाई अड्डे पर पकड़ लिया। वर्मा ने बताया कि सोनभद्र पुलिस की एक टीम कोलकाता में है, जो आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर सोनभद्र के लिए रवाना होगी।

# बंगाल में मेयेदेर ब्रिगेड को महिलाओं की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है : माकपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) बंगाल के ध्रुवीकृत राजनीतिक परिदृश्य में लोगों का समर्थन फिर से हासिल करने और महिलाओं को जोडऩे के लिए मेयेदेर ब्रिगेड (महिलाओं का ब्रिगेड) नामक पहल पर भरोसा कर रही है। माकपा केंद्रीय समिति के सदस्य शमिक लाहिड़ी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने कहा कि भारत के अन्य हिस्सों में भी महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित नहीं हैं, क्योंकि भाजपा की मनुवादी सोच इसके आड़े आती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न हिस्सों में इस समूह का गठन चुनावों को ध्यान में रखकर नहीं किया जा रहा है, बल्कि हम पूरे बंगाल में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए मेयेदेर ब्रिगेड का गठन कर रहे हैं। माकपा नेता ने कहा कि महिला ब्रिगेड के गठन का उद्देश्य महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने से लेकर सामाजिक-आर्थिक विकास तक और उनके भीतर छिपी प्रतिभाओं को दिशा देना है। लाहिड़ी ने कहा कि महिला ब्रिगेड का गठन गांवों से लेकर शहरी बस्तियों तक किया जा रहा है। वहीं माकपा की महिला प्रकोष्ठ की नेता कनिनिका घोष ने कहा राज्यभर में महिलाएं इस पहल को पसंद कर रही हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि समाज में जिन महिलाओं को कभी खुलकर सामने आने का मौका नहीं मिला वे अब इस ब्रिगेड से जुड़ रही हैं और अपनी बात सामने रख रही हैं। उन्होंने इस परियोजना को राज्य में महिलाओं के विकास का एक सफल माध्यम करार दिया।

# गायघाटा में खुद की निगरानी में बने ब्रिज से छलांग लगाकर वृद्ध ने की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के गायघाटा इलाके में एक वृद्ध ने खुद की निगरानी में बने ब्रिज से नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अशोक दत्ता (67) के रूप में की गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। क्या उन्होंने अपने परिवार में आर्थिक तंगी के कारण अपनी जान दे दी? यह सवाल उठ रहा है। पता चला है कि वह कभी एक ठेकेदार कंपनी के मैनेजर थे। गायघाटा के इच्छापुर में बनी यह ब्रिज उनकी निगरानी में बनाया गया था। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अशोक दत्ता हुगली जिले के उत्त-रपाड़ा का निवासी था। हालांकि, लंबे समय से वह अपने पति के



साथ उत्तर 24 परगना के गायघाटा थाना अंतर्गत इच्छापुर नेताजी बाजार इलाके में रह रहे थे। उनकी बीमार पत्नी घर पर हैं और वह कई सालों से बीमारी से जूझ रही हैं। बताया गया है कि इलाज के कारण अब उनकी आर्थिक हालत ठीक नहीं है। बताया जा रहा है कि तंगी की वजह से उन्हें परिवार चलाने और पत्नी के इलाज का खर्च उठाने में दिक्कत हो रही थी। क्या इसीलिए उन्होंने आत्महत्या किया? मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह अशोक दत्ता साइकिल लेकर उक्त ब्रिज पर गए। उन्होंने साइकिल वहीं छोड़ दी और ब्रिज के बीच में खड़े होकर नमस्कार किया। फिर, उन्होंने अपना चोगा उतारा और नीचे यमुना नहर में कूद गए। उस समय नहर में कई लोग बैठे थे। अचानक हुई इस घटना से वे कुछ देर के लिए हैरान रह गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और व्यक्ति को बचाने लगे। कुछ देर बाद उनका शव पानी से निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में संतोषजनक काम नहीं करने पर 28 बीएलओ पर मुकदमे की मांग

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में बैरिया तहसील क्षेत्र के 28 बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए बैरिया थाने में तहरीर दी गई है। बैरिया तहसील के उपजिलाधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी आलोक प्रताप सिंह ने रविवार की शाम 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शनिवार को एसआईआर की समीक्षा की गई। इसमें पाया गया कि 28 बीएलओ ने लक्ष्य से 25 फीसदी से भी कम कार्य पूरा किया है जो इनके गंभीर लापरवाही बरतने का संकेत है। उन्होंने बताया कि इन 28 बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए बैरिया थाने में तहरीर दी गई है। बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने रविवार की शाम को बताया कि इस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

**बांदा:** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में अवैध संबंध के शक में एक व्यक्ति अपनी पत्नी की कथित रूप से हत्या करने के बाद रविवार सुबह थाने पहुंच गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। जाफरगंज क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) दुर्गेश दीप ने बताया कि राधानगर थाना क्षेत्र के झाऊपुर गांव में रविवार तड़के अजय सिंह (38) ने अपनी पत्नी शिखा सिंह (36) के सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी और सुबह करीब आठ बजे थाने पहुंच कर आत्मसमर्पण कर दिया।

### लुधियाना में शादी समारोह में प्रतिद्वंद्वी गुटों की गोलीबारी में दो मेहमानों की मौत, छह गिरफ्तार

**लुधियाना:** लुधियाना के पख-ेवाल मार्ग पर एक शादी समारोह में विरोधी गुटों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात शादी समारोह में आमंत्रित किये गए लोगों के दो समूहों के बीच पुरानी रंजिश थी। एक गुट का नेतृत्व शुभम मोटा कर रहा था तो वहीं दूसरे का अंकुर। पुलिस के अनुसार शादी समारोह में दोनों गुटों के बीच किसी मद्दे को लेकर बहस हुई जो जल्द ही झड़प में बदल गई। पुलिस ने बताया कि शादी में कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया और उन्हें शांत करने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि इसके बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक विवाह स्थल पर करीब 20-25 गोलियां चलाई गईं। पुलिस ने बताया कि इस घटना में वासु चोपड़ा और नीरू नाम के दो मेहमानों की मौत हो गई और घटना के बाद आरोपी फरार हो गया।

### राजस्थान के धौलपुर में एसआईआर डेटा अपलोड करते समय बीएलओ की मौत

**जयपुर:** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे 42 वर्षीय बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की अपने घर पर अचानक गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अनुज गर्ग शनिवार देर रात मतदाता डेटा अपलोड करते समय बेहोश हो गए। उनके परिवार ने आरोप लगाया कि वह अत्यधिक दबाव में काम कर रहे थे। अनुज धौलपुर शहर के गौशाला सेक्टर में बीएलओ के पद पर तैनात थे। पुलिस ने बताया कि प्रताप विहार कॉलोनी स्थित अपने घर में चाय मांगने के कुछ ही मिनट बाद वह जमीन पर गिर पड़े। अनुज की बहन वंदना गर्ग ने बताया कि अनुज काम के बोझ के कारण हर रात देर तक काम करते थे। उन्होंने कहा, उस रात भी वह मतदाता फ़ॉर्म अपलोड कर रहे थे। उन्होंने चाय मांगी, लेकिन पीने से पहले ही वह बेहोश हो गए। वंदना ने बताया कि परिवार अनुज को जिला अस्प-ताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह निहालगंज पुलिस और जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिंह बयान दर्ज करने के लिए अनुज के घर गए। बाद में पोस्टमॉर्टम किया गया।

# वाराणसी में दो दिसंबर से शुरू होगा काशी तमिल संगमम का चौथा संस्करण

### चौथे काशी-तमिल संगमम को लेकर योगी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया

**वाराणसी/लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के 128वें संस्करण में 'काशी तमिल संगमम' का जिक्र करते हुए कहा कि दो दिसंबर से काशी के नमो घाट पर चौथा काशी-तमिल संगमम शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के संदर्भों का उल्लेख करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत कई नेताओं ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वाराणसी महानगर इकाई के अध्यक्ष प्रदीप आग्रहरी ने कहा कि काशी तमिल संगमम दो दिसंबर से वाराणसी में आयोजित होगा, जिसको लेकर तैयारियां की गयी हैं। वहीं अधिवक्ता डॉ देवेश श्रीवास्तव ने कहा कि काशी तमिल संगमम का यह चौथा संस्करण है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित ने बताया कि मोदी ने अपने संबोधन में कहा विश्व की सबसे पुरानी भाषा और विश्व के सबसे प्राचीन शहरों में से एक शहर, इन दोनों का संगम हमेशा अद्भुत होता है, मैं बात कर रहा हूं - 'काशी तमिल संगमम' की।

काशि तमिऴ् संगमम्
काशी तमिल संगमम्
KASHI TAMIL SANGAMAM

**चेन्नई:** तमिलनाडु और काशी के बीच पारंपरिक और सभ्यतागत संबंधों का जश्न मनाने वाली केंद्र सरकार की पहल 'काशी तमिल संगमम 4.0' दो दिसंबर से शुरू होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल काशी तमिल संगमम का चौथा संस्करण वाराणसी में शुरू होगा। इस वार्षिक आयोजन का उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि इस वर्ष का विषय 'आइए तमिल सीखें' तमिल भाषा और संस्कृति को देश के अन्य भागों में ले जाने का प्रयास है। इस पहल के तहत उत्तर प्रदेश के छात्र तमिल भाषा की समृद्धि से परिचित होने के लिए तमिलनाडु का दौरा करेंगे। उत्तर प्रदेश महाविद्यालयों के 30-30 छात्रों का 10 बैच राज्य भर के विभिन्न संस्थानों के दौरे में भाग लेगा। प्रतिनिधियों का पहला जत्था शनिवार को कन्याकुमारी से 'काशी तमिल संगमम 4.0' ट्रेन से वाराणसी के लिए रवाना हुआ। इसमें तमिल साहित्य विशेषज्ञ, सांस्कृतिक विद्वान, छात्र, शिक्षक और कारीगर शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि स्थानीय विधायक एम आर गांधी और वरिष्ठ अधिकारियों ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह आयोजन औपचारिक रूप से दो दिसंबर को वाराणसी के नमो घाट पर शुरू होगा।

### विश्व में मानवता हेतु सनातन रक्षा आवश्यक: योगी

**झज्जर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि भारत और दुनिया में मानवता की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा करना आवश्यक है। योगी ने लोगों को उन विरोधी ताकतों के प्रति भी सतर्क रहने को कहा, जो नशीले पदार्थों और धर्मांतरण के माध्यम से समाज को कमजोर करने का प्रयास करती हैं। योगी ने हरियाणा के झज्जर जिले के कबलाना गांव में एक धार्मिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''भारत और दुनिया में मानवता की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा करना आवश्यक है। अगर हमें इस चराचर जगत की रक्षा करनी है, तो सनातन धर्म की रक्षा करनी होगी। इसे हर हाल में संरक्षित करना होगा। अयोध्या में राम मंदिर के ऊपर 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से फहराए गए भगवा धर्मध्वज का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि यह ध्वज सनातन गौरव का प्रतीक बन गया है।

## एसआईआर लोगों के लिए 'मुसीबत का सबब' : अखिलेश यादव



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लोगों के लिए 'मुसीबत का सबब' करार देते हुए निर्वाचन आयोग से उत्तर प्रदेश में यह कवायद पूरी करने की अवधि कम से कम तीन महीने तक बढ़ाने की मांग की है। यादव ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि एसआईआर लोगों के लिए 'मुसीबत का सबब' बन गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में एक महीने के भीतर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं है। बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर काम का अतिरिक्त दबाव है, जिसका असर उनकी शारीरिक-मानसिक स्थिति पर पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। यादव ने कहा कि ऐसे में निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का समय चार दिसंबर से 11 दिसंबर तक बढ़ाकर कोई अपेक्षित काम नहीं किया है। उन्होंने कहा, 'समाजवादी पार्टी ने एसआईआर की समयावधि तीन महीने बढ़ाने की मांग की थी। इस व्यावहारिक और उचित मांग पर निर्वाचन आयोग ने कोई ध्यान नहीं दिया। लगता है कि निर्वाचन आयोग संवेदनाशून्य हो गया है। निर्वाचन आयोग को मतदाताओं की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है।'

## गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने लोगों की समस्याएं सुनीं



**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान लोगों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि हर शिकायत का तत्काल और प्रभावी समाधान किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन ऑडिटोरियम में करीब 200 लोगों से बातचीत की और वहां मौजूद अधिकारियों को हर शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से स्थायी समाधान निकालने का निर्देश दिया। वहां मौजूद लोगों में महिलाओं की संख्या अधिक थी। आदित्यनाथ ने वहां मौजूद लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा, चिंता न करें। हम हर समस्या का समाधान निकालेंगे। हर शिकायत पर प्रभावी तरीके से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी परेशान न हो, क्योंकि सरकार अपने सामने उठाए गए सभी मुद्दों का हल निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने जमीन हड़पने से जुड़ी शिकायतों को भी गंभीरता से लिया है। अधिकारियों को सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रभावशाली लोगों या माफिया द्वारा गरीबों की जमीन पर कब्जा करने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया, अगर कोई किसी गरीब व्यक्ति की ज़मीन हड़पने की कोशिश करता है, तो उसे कानून के मुताबिक सबक सिखाया जाना चाहिए। बातचीत के दौरान, आंबेडकरनगर की एक महिला ने शिकायत की कि उसका बच्चा अपनी साइकिल के साथ लापता हो गया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अधिकारियों को मामले को पूरी संवेदनशीलता से संभालने और बच्चे का पता लगाने के लिए तुरंत कदम उठाने का निर्देश दिया।

## झारखंड के जलाशयों में प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू

**रांची:** झारखंड में पारा गिरने के साथ ही प्रवासी पक्षी जलाशयों की ओर रुख कर रहे हैं और अपनी चहचहाहट एवं रंगीन दृश्यों से पक्षी प्रेमियों को आकर्षित कर रहे हैं। हर साल की तरह, इस बार भी हजारों प्रवासी पक्षी अपने मूल क्षेत्रों पर पड़ रहे अत्यधिक ठंड से बचने के लिए झारखंड को अपना शीतकालीन ठिकाना बना रहे हैं। एशियाई जलपक्षी गणना (एडब्ल्यूसी) के झारखंड समन्वयक सत्य प्रकाश ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'ये पक्षी भोजन के लिए और मध्य एशिया, हिमालयी क्षेत्र, मंगोलिया और तिब्बती पठार में पड़ने वाली अत्यधिक ठंड से खुद को बचाने के लिए झारखंड में सर्दियों के मौसम के दौरान बांधों, झीलों, नदियों और अभयारण्यों जैसे विभिन्न जलाशयों में शरण लेते हैं।' उन्होंने बताया कि उधवा झील पक्षी अभयारण्य (साहिबगंज), पतरातू बांध (रामगढ़), तोपचांची झील, तिलैया और मैथन बांध (धनबाद), कांके और रूक्का बांध (रांची), डिमना झील (जमशेदपुर), बास्का बांध (चतरा) और अन्य जल निकायों में प्रवासी पक्षियों का आना शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि साहिबगंज स्थित उधवा अभयारण्य प्रवासी पक्षियों के लिए पसंदीदा स्थानों में से एक रहा है। उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिले में स्थित इस 565 हेक्टेयर के अभयारण्य में गंगा नदी की दो प्राकृतिक अप्रवाही झीलें हैं, जिनमें पटौरा और बरहले शामिल हैं। साहिबगंज प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) प्रबल गर्ग ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह राज्य का एकमात्र रामसर स्थल है और लगभग 160 पक्षी प्रजातियों का घर है। गर्ग के अनुसार, सर्दियों में सबसे ज्यादा आने वाले पक्षियों में काला धारीदार हंस, उत्तर धारीदार बत्तख, मुर्गाबी, कलहंस, गैडवॉल, गुरगल बत्तख और लाल चोंच एवं लाल कलगी वाली बत्तख शामिल हैं जबकि लाल अंजन, घोंघिल, लिटिल ग्रेब और कौड़िल्ला अभयारण्य की साल भर की पक्षी विविधता में योगदान करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, हर साल लगभग 25,000 से 30,000 प्रवासी पक्षी राज्य के जलाशयों में आते हैं। वन विभाग ने प्रभागीय वन अधिकारियों को वन सुरक्षा समितियों को सक्रिय करने को कहा है, जो जलाशयों में गतिविधियों की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## चिराग पासवान का दावा, राजग के संपर्क में कई विपक्षी विधायक




**पटना:** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को दावा किया कि बिहार में विपक्षी महागठबंधन के ''कई विधायक'' सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संपर्क में हैं। राजग ने विधानसभा चुनाव में राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखी है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख पासवान ने यह टिप्पणी पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में की, जिसमें उनसे उन अफवाहों के बारे में पूछा गया था कि हाल में हुए विधानसभा चुनावों में केवल छह सीटें जीतने वाली कांग्रेस के कम से कम चार विधायक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जद (यू) के संपर्क में हैं। हाजीपुर के सांसद पासवान ने कहा, मैं किसी खास पार्टी के बारे में नहीं कह सकता, लेकिन कई विपक्षी विधायक राजग के संपर्क में हैं। उन्हें लगता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केवल इसी गठबंधन में वे लोगों की सेवा कर सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा, ''जब भी चुनाव होते हैं, यही कहानी हमेशा चर्चा में रहती है। हमने 2020 में भी ऐसी ही बातें सुनी थीं, लेकिन हमारे सभी 19 विधायक पार्टी के साथ बने रहे। पासवान ने दावा किया कि विपक्ष के प्रति लोगों का मोहभंग बढ़ रहा है, जो कुछ भी रचनात्मक नहीं करता और सरकार को काम नहीं करने देता। उन्होंने कहा, संसद के हर सत्र में यह देखा गया है। कल से शुरू हो रहे सत्र में भी हमें इसी तरह के व्यवहार की आशंका है। राज्य विधानसभा का सत्र भी शुरू होने वाला है। विधानसभा चुनावों में राजग ने 243 सीटों में से 202 सीटें जीतीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 89 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, जबकि जनता दल (यूनाइटेड) 85 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। लोजपा ने 19 सीटों पर जीत हासिल की।

## राजस्थान: झुंझुनू में बदमाशों ने कार कार्यशाला में आग लगाई, 18 गाड़ियां जलकर खाक

**जयपुर:** राजस्थान के झुंझुनू जिले में अज्ञात बदमाशों ने एक कार कार्यशाला में कथित तौर पर आग लगा दी, जिससे 18 कारें जलकर खाक हो गईं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कार्यशाला मालिक और एक अन्य समूह के बीच भूमि विवाद घटना का कारण हो सकता है। उसने बताया कि यह घटना शनिवार रात को चुरू बाईपास रोड पर हुई। इससे ईंधन टैंकों में विस्फोट हो गया और क्षेत्र में धुएं का घना गुबार फैल गया। पुलिस के मुताबिक दमकल गाड़ियां, पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश की। उसने बताया कि इस दौरान घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। कार कार्यशाला के मालिक नासिर ने बताया कि वह शाम को दुकान बंद करके घर लौट आए थे, 'रात में पड़ोसियों ने फोन करके बताया कि कार्यशाला से आग की लपटें उठ रही हैं। जब मैं पहुंचा तो सब कुछ जल चुका था।' उन्होंने बताया कि सभी कार आग की चपेट में आ गईं और एक के बाद एक कई धमाके हुए। पुलिस ने बताया कि वाहनों के अंदर ईंधन के कई टैंक फटने से आग और भड़क गई। उन्होंने बताया कि तीन दमकल गाड़ियों की मदद से करीब 90 मिनट में आग पर काबू पाया गया। कोतवाली थाना प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक लैब की टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि नासिर और अनिल कुमावत नामक व्यक्ति सहित एक समूह के बीच जमीन को विवाद था। उन्होंने बताया कि हाल के महीनों में दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया था।

# बिहार चुनाव में हार के बाद राजद, कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर



**पटना:** बिहार में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में अपमानजनक हार का सामना करने वाले विपक्षी खेमे, महागठबंधन, में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। चुनावों में सत्तारूढ़ राजग ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 200 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता बरकरार रखी थी। इस सप्ताह की शुरुआत में उस समय सनसनी फैल गई जब आलाकमान द्वारा बुलाई गई समीक्षा बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली आए कांग्रेस के नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पार्टी नेताओं का एक वर्ग अपने पुराने, लेकिन प्रभावशाली सहयोगी राजद के साथ गठबंधन करने के बजाय अकेले चुनाव लड़ने के पक्ष में था। जिन लोगों ने 61 उम्मीदवारों में से अधिकांश की भावनाओं का खुलासा किया, उनमें से संयोगवश केवल छह को ही जीत मिली, उनमें से प्रमुख व्यक्ति पिछली विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान थे। खान ने एक के बाद एक समाचार संस्थानों से कहा, हमारे ज़्यादातर उम्मीदवारों की यही राय थी कि अगर हमने राजद के साथ गठबंधन न किया होता, तो हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। भविष्य की रणनीति क्या हो, यह पार्टी आलाकमान को तय करना है। जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष खान, जो कांग्रेस में शामिल होने से पहले वामपंथ से संबद्ध एसएफआई में थे, को कदवा विधानसभा क्षेत्र में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा, जहां से वह लगातार तीसरी जीत की उम्मीद कर रहे थे। यह सीट जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी ने जीती है, जो पिछले साल के आम चुनावों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर से कटिहार लोकसभा सीट हारने के बाद से राजनीतिक रूप से निष्क्रिय थे। कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि कई नेताओं का मानना है कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का 'जंगल राज' का विमर्श, जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बिहार में शासन के दौरान व्याप्त अराजकता को उजागर करने का प्रयास था, गठबंधन सहयोगियों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इसके अलावा, लालू प्रसाद द्वारा संचालित पार्टी के साथ गठबंधन के बारे में कहा जाता है कि इससे ऊंची जातियां नाराज हो गई हैं, जो पहले कांग्रेस की समर्थक मानी जाती थीं और अब भाजपा की ओर आकर्षित हो गयी हैं। राजद को पांच साल पहले के 75 के मुकाबले मात्र 25 सीटें ही मिलीं हैं लेकिन पार्टी ने कांग्रेस की राय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गठबंधन सहयोगी की नाराजगी की ओर ध्यान दिलाने पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा, अगर कांग्रेस अकेले चलना चाहती है, तो उसे हर हाल में ऐसा करना चाहिए। उसे अपनी औकात पता चल जाएगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस को जो भी वोट मिले हैं, वह राजद की बदौलत हैं। राज्य में यह एक खत्म हो चुकी ताकत है। हम चुनाव दर चुनाव उनकी अनुचित मांगों को झेलते आ रहे हैं। 2020 में, उन्होंने 70 सीटों पर चुनाव लड़ने पर जोर दिया और केवल 19 सीटें ही जीत सके। हाल के चुनावों में उनकी जीत की दर बेहद खराब रही है।

### हरियाणा: चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करते समय फिसली महिला, जीआरपी कांस्टेबल ने बचाई जान

**चंडीगढ़:** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक कांस्टेबल ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पानीपत रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री की जान बचाई, जो चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करते समय फिसल गई थी। कुरुक्षेत्र से दिल्ली जा रही ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची, यात्री उसमें चढ़ने और उतरने लगे। इस दौरान अकेले यात्रा कर रही एक महिला यात्री ने अपना सामान कोच के अंदर रखा और ट्रेन में चढ़ने लगी, लेकिन तभी ट्रेन चल दी। जैसे ही ट्रेन की गति बढ़ी, महिला का संतुलन बिगड़ गया और उसका पैर फिसल गया। यह घटना शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हुई। उसी समय जीआरपी कांस्टेबल जगरूप सिंह आगे बढ़े और महिला को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। यह घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। हरियाणा पुलिस ने एक बयान में कहा कि कांस्टेबल की समय पर और साहसी कार्रवाई ने एक गंभीर दुर्घटना को टाल दिया।

## न्यूज अपडेट

### बुलंदशहर में एक मुस्लिम ने हिंदू का मकान खरीदा, लोगों ने मकान बिकाऊ के पोस्टर लगाए




**बुलंदशहर:** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में खुर्जा नगर इलाके के एक मोहल्ले के निवासियों ने एक हिंदू परिवार द्वारा अपना मकान एक मुस्लिम व्यक्ति को बेचने के बाद 'मकान बिकाऊ है' के पोस्टर लगा दिए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हनुमान टीला निवासी प्रदीप शर्मा आर्थिक तंगी के कारण लगभग एक साल से अपना मकान बेचने की कोशिश कर रहे थे। जब मोहल्ले का कोई भी व्यक्ति इसे खरीदने को तैयार नहीं हुआ, तो उन्होंने 17 अक्टूबर को यह मकान सलीम उर्फ बबलू को बेच दिया। जब स्थानीय स्तर पर इस लेन-देन की जानकारी मिली, तो कुछ निवासियों ने इसके विरोध में पोस्टर लगा दिए। पुलिस ने बताया कि बिक्री के बावजूद, प्रदीप शर्मा और उनका परिवार अभी भी मकान में रह रहे हैं और सलीम ने अभी तक मकान पर कब्ज़ा नहीं किया है। सलीम ने यहां मीडिया से बात करते हुए संपत्ति वापस करने की इच्छा जताई है और कहा है कि कोई भी स्थानीय निवासी, जिसमें प्रदीप खुद भी शामिल हैं, इसे वापस खरीद सकता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि स्थिति की गहन समीक्षा की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पलायन की कोई घटना नहीं हुई है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वदेशी सैन्य साजोसामान की समीक्षा की

**कानपुर:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को यहां रक्षा सामग्री एवं भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) में नव विकसित कई स्वदेशी सैन्य उत्पादों का निरीक्षण किया और भारत के रक्षा उत्पादन तंत्र में लखनऊ की बढ़ती अहमियत पर जोर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि रक्षा मंत्री हवाई अड्डे से सीधे यहां पहुंचे और पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की प्रतिमा पर पुष्प भेंट कर प्रतिष्ठान के अध्यक्ष एस.बी. कामद और वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ बंद कमरे में समीक्षा बैठक की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बैठक के दौरान अधिकारियों ने रक्षा मंत्री के समक्ष उत्पादों का इस्तेमाल कर अगली पीढ़ी की रक्षा सामग्री और साजोसामान की एक विस्तृत श्रृंखला को सामने रखा। बैठक में मौजूद एक अधिकारी के मुताबिक, इस दौरान रक्षा मंत्री के समक्ष दिये गये प्रस्तुतीकरण में सेना की अभियानगत क्षमता को बढ़ाने के लिये हासिल की गयी कई कामयाबियों पर रोशनी डाली गयी। रक्षा मंत्री के दौरे को कानपुर के रक्षा अनुसंधान, नवोन्मेष और आधुनिक सैन्य विनिर्माण के बढ़ते 'हब' के तौर पर उभारने के लिए एक बड़े प्रोत्साहन के तौर पर देखा जा रहा है।

### चंपई सोरेन ने चाय श्रमिकों को भूमि अधिकार देने के लिए असम सरकार की सराहना की

**जमशेदपुर:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन ने असम में चाय बागान श्रमिकों को भू स्वामित्व अधिकार देने वाले विधेयक को पारित करने के लिए असम सरकार की सराहना की। असम विधानसभा ने शुक्रवार को एक संशोधन विधेयक पारित किया था। यह विधेयक सरकार को चाय बागानों की 'लेबर लाइन' में आवास स्वामित्व के लिए श्रमिकों को भूमि वितरित करने की अनुमति देगा। सोरेन ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि असम सरकार के इस फैसले से लाखों आदिवासियों और अन्य श्रमिकों को लाभ होगा, जो 200 वर्षों से वहां बसे हुए हैं। भाजपा नेता ने चाय बागान श्रमिकों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने के असम कैबिनेट के फैसले का भी स्वागत किया। इन श्रमिकों में से अधिकांश झारखंड की धरती से जुड़े आदिवासी हैं। झारखंड के सरायकेला से भाजपा विधायक सोरेन ने आरोप लगाया कि असम की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने राज्य में वर्षों से बसे इन श्रमिकों के अधिकारों को नजरअंदाज किया है। शर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच पर प्रतिक्रिया देते हुए सोरेन के प्रेरणादायक शब्दों के लिए उनकी सराहना की।

## जयपुर में हाईवे पर कार और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत, पांच घायल



**जयपुर:** मनोहरपुर-दौसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को कार और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब मनोहरपुर से दौसा की ओर जा रहा एक ट्रक विपरीत दिशा से आ रही एक इको कार से टकरा गया। पुलिस के अनुसार, नौ यात्री अलग-अलग शहरों से आए थे और मेहंदीपुर बालाजी मंदिर से लौटते समय खाटूश्यामजी मंदिर जा रहे थे। जामवा रामगढ़ के सर्किल अधिकारी मुकेश जोशी ने बताया कि सूचना मिलते ही रायसर और मनोहरपुर थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया। जोशी ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह दुर्घटना ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान हुई। कार तेज गति से चल रही थी और जैसे ही वह ट्रक से टकराई, उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारी ने बताया, सभी नौ यात्रियों को एनआईएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया और उनमें से एक ने बाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि पांच घायलों का इलाज चल रहा है। व्यस्त मार्ग पर यातायात लगभग 30 मिनट तक बाधित रहा, जिसके बाद इसे बहाल कर दिया गया।

## बिहार : मोतिहारी में तेज रफ्तार ट्रक ने वाहनों को टक्कर मारी, पांच की मौत, कई घायल




**मोतिहारी:** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना मोतिहारी के कोटवा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर हुई। पुलिस उपाधीक्षक (सदर-1) दिलीप कुमार ने कहा, 'मोटरसाइकिल और एक ऑटो-रिक्शा समेत कई वाहन सड़क पार करने के लिए एक सर्विस लेन पर इंतजार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन वाहनों को टक्कर मार दी।' उन्होंने बताया कि टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। डीएसपी ने कहा, 'प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रक चालक को झपकी आ गई थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।' गुस्साए स्थानीय निवासियों ने राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वाहन को आग लगा दी। पुलिस ने कुछ देर बाद नाकाबंदी हटा दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना पर दु:ख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार के सदस्यों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# 'मन की बात': प्रधानमंत्री ने सर्दियों में हिमालय की वादियों का अनुभव लेने का आग्रह किया

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में उत्तराखंड के शीतकालीन पर्यटन का जिक्र किया और देशवासियों से सर्दियों में हिमालय की वादियों का अनुभव लेने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में करीब ढाई मिनट का समय उत्तराखंड को समर्पित करते हुए राज्य में शीतकालीन पर्यटन, साहसिक खेलों (एडवेंचर स्पोर्ट) और विवाह गंतव्य के रूप में प्रदेश की संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, इन दिनों उत्तराखंड का शीतकालीन पर्यटन लोगों को बहुत आकर्षित कर रहा है। सर्दियों के मौसम में औली,



मुनस्यारी, दयारा, चोपता जैसी जगहें खूब लोकप्रिय हो रही हैं। मोदी ने कुछ सप्ताह पहले पिथौरागढ़ में साढ़े 14 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित आदि कैलाश में राज्य की पहली 'हाई ऑल्टीट्यूट अल्ट्रा रन मैराथन' का भी जिक्र किया और कहा कि सुबह पांच बजे कड़कड़ाती ठंड के बावजूद देशभर के 18 राज्यों से 750 से अधिक एथलीट ने 60 किलोमीटर लंबी मैराथन में उत्साह से भाग लिया। उन्होंने कहा कि तीन साल पहले तक आदि कैलाश की यात्रा पर प्रतिवर्ष मात्र दो हजार लोग ही आते थे लेकिन अब यह संख्या 30 हजार से अधिक हो गयी है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में बढ़ती पर्यटन आधारभूत सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड ने शीकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया है। मोदी ने कहा कि सर्दियों में सुनहरी धूप और पहाड़ों से उतरते कोहरे के बीच उत्तराखंड विवाह गंतव्य के रूप में भी लोकप्रिय हो रहा है और खासकर गंगा के किनारे खूब विवाह हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कहा, सर्दियों के दिनों में हिमालय की वादियां ऐसे अनुभव का हिस्सा बन जाती हैं जो जीवन भर साथ रहता है। अगर आप इन सर्दियों में कहीं जाने का विचार कर रहे हैं तो हिमालय की वादियों का विकल्प जरूर रखिए।

### भारत के युवाओं की लगन 'विकसित भारत' की सबसे बड़ी शक्ति है: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अंतरिक्ष निर्माण से लेकर कृषि तक विभिन्न क्षेत्रों में हाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के युवाओं की लगन 'विकसित भारत' की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो संबोधन में नवंबर माह की प्रेरणादायक घटनाओं में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने, सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस समारोह और अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा के आरोहण को सूचीबद्ध किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बीएसएफ निदेशक सेवानिवृत्त हुए, आईटीबीपी प्रमुख को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया

**नयी दिल्ली :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी के सेवानिवृत्त होने के बाद भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक (डीजी) प्रवीण कुमार ने रविवार को इस पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला। उत्तर प्रदेश काडर के 1990 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी चौधरी ने 1993 बैच के पश्चिम बंगाल काडर के अधिकारी कुमार को छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्थित बीएसएफ शिविर में औपचारिक रूप से प्रभार सौंपा। प्रभार हस्तांतरण का यह समारोह रायपुर में इसलिए आयोजित किया गया क्योंकि दोनों महानिदेशक 28 से 30 नवंबर तक आयोजित पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षकों (आईजीपी) के राष्ट्रीय पुलिस सम्मेलन में शामिल होने के लिए वहीं मौजूद थे। यह आयोजन सामान्यतः दिल्ली स्थित बल मुख्यालय में होता है।

### गोवा में एसआईआर के दौरान 90 हजार मतदाताओं के मामले में विसंगति पाई गई

**पणजी :** गोवा में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान लगभग 90,000 मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लिकेट मतदाता कार्ड रखने वाले पाए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) संजय गोयल ने पणजी में संवाददाताओं को बताया कि चार नवंबर को एसआईआर की शुरुआत में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, गोवा में कुल 11,85,000 मतदाता थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर शुरू किए जाने के बाद 10,55,000 फॉर्म भरे गए, इनमें से 96.5 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज किए गए हैं और निर्वाचन आयोग को प्राप्त हो चुके हैं। गोयल ने कहा, ''90,000 मतदाताओं को अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लिकेट के रूप में वर्गीकृत किया गया है।''

### मुरादाबाद में बीएलओ ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मुरादाबाद :** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में काम के कथित दबाव के चलते बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की ड्यूटी कर रहे एक सहायक अध्यापक ने रविवार को अपने घर के स्टोर रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक की पहचान भोजपुर के बहेड़ी गांव के एक सहायक शिक्षक सर्वेश सिंह (46) के रूप में हुई है। सर्वेश भगतपुर टांडा गांव के एक स्कूल में तैनात था। वह सात अक्टूबर को बीएलओ बनाया गया था। तड़के करीब चार बजे सर्वेश की पत्नी बबली ने उसे फांसी पर लटकता पाया। उन्होंने बताया कि मौके पर मिले एक कथित 'सुसाइड नोट' में सर्वेश ने घुटन और डर महसूस करने का जिक्र करते हुए लिखा है कि बीएलओ के काम के लिए दिया गया समय अपर्याप्त है। ठाकुरद्वारा के पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने कहा, बीएलओ सर्वेश सिंह ने आत्महत्या कर ली है और एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें लिखा है कि वह बीएलओ ड्यूटी का बोझ नहीं उठा पा रहे थे।

## असम से 11 घुसपैठियों को वापस भेजा गया : हिमंत शर्मा



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि 11 घुसपैठियों को राज्य से वापस भेज दिया गया है। घुसपैठियों को श्रीभूमि जिले से वापस भेजा गया, जिसकी सीमा बांग्लादेश से लगती है। शर्मा ने बॉलीवुड की 'एक्शन थ्रिलर' फिल्म 'सिंघम' का संदर्भ देते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''श्रीभूमि पुलिस की आधी रात की कार्रवाई इतनी सटीक थी कि सिंघम भी बैकग्राउंड म्यूजिक रोक देता।'' उन्होंने कहा, ''11 अवैध घुसपैठियों को रात साढ़े बारह बजे तक वापस भेज दिया..।'' मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य पुलिस बल की सराहना करते हुए उसकी तुलना हिंदी ब्लॉकबस्टर फिल्म और एक शीर्ष एक्शन फिल्म निर्देशक से करते हुए कहा, ''असम पुलिस = करण अर्जुन + रोहित शेट्टी यूनिवर्स। यह साबित हो गया।'' राज्य सरकार बांग्लादेश से आने वाले अवैध प्रवासियों पर नकेल कस रही है और घुसपैठियों को अपनी सीमाओं से वापस भेज रही है।

## ब्रिटेन में चाकू से हमला कर भारतीय छात्र की हत्या, पुलिस ने जानकारी मांगी

**लंदन :** मध्य इंग्लैंड में सड़क पर हुए हमले के दौरान एक 30 वर्षीय व्यक्ति (भारतीय छात्र) को चाकू मार दिया गया और बाद में अस्पताल में गंभीर चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई। वेस्ट मर्सिया पुलिस ने शुक्रवार को वॉर्सेस्टर में इस सप्ताह की शुरुआत में हुए हमले के किसी भी गवाह से जानकारी देने की अपील जारी की। हालांकि ब्रिटिश पुलिस ने अभी तक पीड़ित की औपचारिक पहचान नहीं की है, लेकिन भारत से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, पीड़ित की पहचान हरियाणा के चरखी दादरी जिले के विजय कुमार श्योराण के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि हत्या के संदेह में पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था और जांच जारी रहने तक वे जमानत पर हैं। छठे व्यक्ति को भी हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई। वेस्ट मर्सिया के डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर ली होलहाउस ने कहा कि पुलिस बल की संवेदनाएं मृतक के परिवार और मित्रों के साथ हैं। साथ ही उन्होंने घटना के संबंध में लोगों से सूचना देने की अपील भी की। इस बीच, चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने सोशल मीडिया पर घटना को लेकर शोक व्यक्त किया और कहा कि वह दुख की असहनीय घड़ी में पीड़ित के परिजनों के साथ हैं। उन्होंने कहा, हम पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की भी अपील करते हैं ताकि न्याय मिल सके और अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जा सके।

### जाने-माने कन्नड़ अभिनेता उमेश का निधन

**बेंगलुरु :** जाने-माने कन्नड़ अभिनेता मैसूर श्रीकांतैया उमेश का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। परिजनों ने बताया कि अभिनेता लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे और उन्हें हाल में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बनशंकरी श्मशान घाट पर किया गया। अभिनेता ने पांच दशक से भी अधिक समय के अपने करियर में 350 से अधिक फिल्मों में काम किया। मैसुरु में 24 अप्रैल 1945 को जन्मे उमेश ने चार साल की उम्र में मास्टर के. हिरण्य्या के रंगमंच समूह के 'लंचवतार' नाटक में अभिनय करके अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।

## दिल्ली पुलिस ने गुरदासपुर ग्रेनेड हमले से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, तीन गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पाकिस्तान समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, इस आतंकी मॉड्यूल का सरगना गैंगस्टर से आतंकी बना शहजाद भट्टी है, जो वर्तमान में पाकिस्तान में रह रहा है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि पुलिस ने मॉड्यूल के तीन अहम सदस्यों को पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से अर्धस्वचालित पिस्तौल, 10 कारतूस तथा मोबाइल फोन बरामद किया, जिनमें आपत्तिजनक चैट और रेकी के



वीडियो मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ''यह मॉड्यूल 25 नवंबर को पंजाब के गुरदासपुर स्थित सिटी थाने के बाहर हुए ग्रेनेड हमले में शामिल था, जिसे भट्टी के निर्देश पर अंजाम दिया गया था। भट्टी पाकिस्तान से सोशल मीडिया मंचों के जरिये इन अभियानों का समन्वय कर रहा था।'' अधिकारी ने कहा, ''गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दतिया (मध्यप्रदेश) निवासी विकास प्रजापति उर्फ बेटू (19), फिरोजपुर (पंजाब) निवासी हरगुनप्रीत सिंह उर्फ गुरकरनप्रीत सिंह (19) और बिजनौर (उत्तर प्रदेश) आसिफ उर्फ आरिश (22) के रूप में हुई है।''

## अलगाववादी विचारधारा वाले 'मौलवी' प्रगति में बाधा डाल रहे: मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

**जबलपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) ने अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा भारत में असुरक्षित महसूस किये जाने के जमीयत उलमा-ए-हिंद (जेयूएच) के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के दावे को रविवार को खारिज कर दिया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक एसके मुद्दीन ने एक बयान में कहा कि देश में मुसलमानों को पूर्ण संवैधानिक अधिकार और सुरक्षा प्राप्त है। मदनी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि बुलडोजर कार्रवाई, पीट-पीटकर हत्या, मुस्लिम वक्फ को कमजोर करने और इस्लामी सुधारों जैसी कार्रवाइयों के माध्यम से देश में एक समूह का वर्चस्व स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि बाबरी मस्जिद के फैसले और कई अन्य फैसलों के बाद यह धारणा बढ़ी है कि अदालतें सरकारी दबाव में काम कर रही हैं। मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मुद्दीन ने इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी भी अन्य देश की तुलना में भारत में मुसलमान 'सबसे सुरक्षित' हैं। उन्होंने दावा किया कि अब शायद ही कभी निषेधाज्ञा लागू की जाती है जबकि 2014 से पहले समाचार पत्रों में दंगों की दैनिक खबरें प्रकाशित होती थीं। मुद्दीन ने कहा कि मदनी यह स्वीकार करने में विफल रहे हैं कि मुस्लिम बेटे और बेटियां सशस्त्र बलों, सुरक्षा एजेंसियों और अन्य प्रमुख संस्थानों में देश की सेवा कर रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर: राजौरी के बाद पुंछ में भी वीपीएन सेवाएं निलंबित

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में अधिकारियों ने रविवार को सीमावर्ती जिले में 'वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क' (वीपीएन) सेवाओं को दो महीने के लिए निलंबित करने का आदेश दिया। अधिकारियों का कहना है कि वीपीएन का गैरकानूनी गतिविधियों में दुरुपयोग किया जा सकता है। राजौरी के बाद पुंछ, जम्मू क्षेत्र का दूसरा सीमावर्ती जिला बन गया है, जहां पिछले दो दिनों में वीपीएन सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। पुंछ के जिला मजिस्ट्रेट अशोक कुमार शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत वीपीएन को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया। शर्मा ने आदेश में कहा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में जिले के विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध इंटरनेट उपयोगकर्ताओं द्वारा वीपीएन का उपयोग किया गया है। शर्मा ने कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए विरोधी भय का माहौल बनाने के लिए वीपीएन सेवा का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह आदेश सभी व्यक्तियों, जिले में संचालित संस्थानों, साइबर कैफे और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं पर लागू होगा और इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत दंडित किया जाएगा।

## तमिलनाडु में दो सरकारी बसों की आमने-सामने की टक्कर, 11 यात्रियों की

**शिवगंगा :** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार को दो सरकारी बसों की आमने-सामने की टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के बताया कि यह दुर्घटना कराईकुडी से लगभग 15 किलोमीटर दूर हुई और 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों में आठ महिलाएं, दो पुरुष और एक बच्चा शामिल है। वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि हादसे में 20 से अधिक लोग



घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि ''यह आमने-सामने की टक्कर थी, कारण स्पष्ट नहीं है, हम इसकी जांच कर रहे हैं।''

## सीमा पर कंटीले तार की बाड़ के नए डिजाइन का प्रस्ताव केंद्र के समक्ष विचाराधीन : बीएसएफ आईजी

**अगरतला :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) अलोक कुमार चक्रवर्ती ने रविवार को कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर कंटीले तार की बाड़ के नए डिजाइन का प्रस्ताव केंद्र के समक्ष विचाराधीन है। भारत की बांग्लादेश के साथ 4,096 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है, जिसमें से त्रिपुरा से लगती सीमा 856 किलोमीटर है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''भारत-बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) के अधिकांश स्थानों पर कंटीले तार की बाड़ पुरानी हो चुकी है। त्रिपुरा में मौसम की स्थिति (भारी वर्षा) ने भी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ को प्रभावित किया है। हम पुरानी बाड़बंदी को बदलने की प्रक्रिया में हैं।'' चक्रवर्ती ने कहा कि नई और बेहतर बाड़ लगाने का प्रस्ताव गृह मंत्रालय (एमएचए) के समक्ष विचाराधीन है। उन्होंने कहा, ''हम आशान्वित हैं कि सीमा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए नई डिजाइन की बाड लगाने का काम जल्द प्रारंभ हो जाएगा।'' उन्होंने दावा किया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थिति 'सामान्य' है। बीएसएफ आईजी ने कहा कि भारतीय सीमा रक्षक और बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) के बीच संबंध बहुत ही सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक हैं।

## न्यूज अपडेट

### ओडिशा के नयागढ़ में अवैध हथियार निर्माण इकाई का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के नयागढ़ जिले में पुलिस ने एक अवैध हथियार निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। नयागढ़ की पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस सुश्री ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर जिले के रानपुर पुलिस थाने की एक टीम ने शनिवार शाम गोदीपाड़ा गांव में एक घर में छापा मारा और अवैध हथियार निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया। पुलिस के अनुसार, दो आरोपी देशी बंदूकें बनाने और रखने में संलिप्त थे। सुश्री ने बताया कि आरोपियों के पास से दो देशी बंदूकें और हथियार निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामान तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान तूफान नायक (21) और प्रशांत बिस्वाल (45) के रूप में की गई है। दोनों नयागढ़ जिले के रहने वाले हैं। एसपी ने बताया कि आरोपी पहले भी अवैध हथियारों के एक मामले में संलिप्त पाए गए थे। मामले में आगे की जांच जारी है।

### लद्दाख के उपराज्यपाल के आवास का नाम बदलकर 'लोक निवास' रखा गया

**लेह :** लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'राज निवास' का नाम बदलकर 'लोक निवास' कर दिया गया है। गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि उपराज्यपाल के आवास का नाम बदलने से नागरिकों के साथ सीधा जुड़ाव मजबूत होगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने इसे समावेशी और सुलभ शासन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि यह कदम केंद्रीय गृह मंत्रालय के 25 नवंबर के निर्देशों के बाद उठाया गया है, जिसमें कहा गया था कि देश भर में सभी राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन और राज निवास का नाम बदलकर लोक निवास कर दिया जाए।

### गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम के विधायक अमीनुल इस्लाम के खिलाफ राजद्रोह का मामला रद्द किया

**गुवाहाटी :** राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और अन्य आरोपों के तहत अप्रैल में गिरफ्तार किए गए एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम को गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा हिरासत आदेश को रद्द करने के बाद रिहा कर दिया गया। न्यायमूर्ति कल्याण राय सुराना और न्यायमूर्ति राजेश मजूमदार की पीठ ने एक आपराधिक रिट याचिका पर आदेश जारी करते हुए अमीनुल इस्लाम के खिलाफ मामले को खारिज कर दिया था और संबंधित अधिकारियों को उन्हें जेल से रिहा करने का निर्देश दिया था। तीन बार के विधायक अमीनुल को सार्वजनिक रूप से ऐसे ''भ्रामक और भड़काऊ'' बयान देने के चलते 24 अप्रैल को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिनसे ''प्रतिकूल स्थिति पैदा होने की आशंका'' थी। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के निर्देश का हवाला देते हुए कहा, ''याचिकाकर्ता को हिरासत में लेने वाले प्राधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन देने के उनके अधिकार के बारे में न तो 14 मई 2025 के आदेश की तामील के समय और न ही उसके बाद कभी सूचित किया गया।''

## आईटीबीपी ने छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ में सामरिक अड्डा स्थापित किया

**नयी दिल्ली/रायपुर :** भारत में नक्सलवाद के खात्मे के लिए निर्धारित मार्च 2026 की समय सीमा नजदीक आने के साथ ही सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के सुदूर अबूझमाड़ क्षेत्र के लिए एक व्यापक कार्य योजना का कार्यान्वयन शुरू कर दिया है, जिसके तहत आईटीबीपी नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए क्षेत्र में एक सामरिक अड्डा स्थापित कर रही है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 44वीं बटालियन ने 28 नवंबर को नारायणपुर जिला मुख्यालय से लगभग 140 किलोमीटर दूर लंका गांव में एक ऑपरेशन बेस स्थापित किया। छत्तीसगढ़ में तैनात एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, यह आईटीबीपी शिविर दक्षिण छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में अबूझमाड़ के जंगलों में स्थापित किया गया है और इसकी लोकेशन रणनीतिक लिहाज से बहुत अहम है, क्योंकि यह छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा से सिर्फ तीन किलोमीटर दूर है। इसकी दूसरी तरफ महाराष्ट्र का नक्सल प्रभावित गडचिरोली जिला है। अबूझमाड़ क्षेत्र नारायणपुर जिले में लगभग 4,000 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों और छत्तीसगढ़ प्रशासन ने इसे प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के गढ़ के रूप में वर्गीकृत किया है। अबूझमाड़ के घने जंगल भाकपा (माओवादी) के कार्यकर्ताओं और कमांडरों के लिए पनाहगाह रहे हैं। इन जंगलों में लगभग 237 गांव बसे हुए हैं, जिनमें करीब 35,000 लोग, मुख्यतः आदिवासी, रहते हैं। केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों ने क्षेत्र में सुरक्षा आधार बनाने के लिए समन्वित प्रयास किए हैं, ताकि वहां सरकारी मशीनरी स्थापित की जा सके और विकास कार्यों की शुरुआत की जा सके।

# मैं अब भी बांग्लादेश को मित्र कहना पसंद करता हूं, उम्मीद है कि वहां हालात सुधरेंगे: नौसेना प्रमुख

**पुणे :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने रविवार को कहा कि वह अब भी बांग्लादेश को मित्र कहना पसंद करते हैं और उम्मीद करते हैं कि पड़ोसी देश में स्थिति सुधरेगी। पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध-प्रदर्शन के कारण शेख हसीना सरकार गिर गई थी, जिसके बाद वहां एक ऐसी सरकार बनी, जिसका भारत के प्रति दोस्ताना रुख नहीं रहा है। भारत में शरण लेने वाली हसीना को 17 नवंबर को एक विशेष न्यायाधिकरण ने उनकी गैरमौजूदगी में 'मानवता के खिलाफ अपराध' का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी। बांग्लादेश ने कहा है कि वह भारत से जल्द से जल्द हसीना के प्रत्यर्पण की उम्मीद करता है। नौसेना प्रमुख ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह बांग्लादेश को मित्र के अलावा कुछ और कहने से अब भी परहेज करेंगे, क्योंकि यह एक अस्थायी और क्षणिक दौर हो सकता है। उन्होंने कहा, ''हमें इंतजार करना होगा। बांग्लादेश में अभी चुनाव होने बाकी हैं, इसलिए हमें अभी अपनी टिप्पणी बचाकर रखनी चाहिए।'' नौसेना प्रमुख ने कहा, ''हम यहां उनके कर्मियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। मैंने आज सुबह ही एनडीए से पास आउट हुए एक बांग्लादेशी अधिकारी



कैडेट से मुलाकात की। सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करने के बाद, मेरी पहली यात्रा बांग्लादेश की निर्धारित थी। एक और राजधानी की यात्रा का भी प्रस्ताव था, लेकिन मैंने मना कर दिया। (मैंने कहा) मुझे बांग्लादेश जाना चाहिए, जो हमारा पहला साझेदार है। गर्मजोशी, आतिथ्य और भारत ने जो कुछ किया है, उसके प्रति अद्भुत भावना थी।'' उन्होंने कहा कि वह हमेशा आशावादी और आश्वस्त रहेंगे कि जहां तक बांग्लादेश का सवाल है, चीजें बदल जाएंगी। वह यहां नौसेना फाउंडेशन पुणे इकाई द्वारा आयोजित 'भारतीय नौसेना : भू-राजनीति, प्रौद्योगिकी और रणनीति के बीच नौवहन' विषय पर एडमिरल जेजी नाडकर्णी स्मारक व्याख्यान देने के बाद प्रश्न-उत्तर सत्र में शामिल हुए थे। पाकिस्तानी नौसेना द्वारा स्वदेशी हाइपरसोनिक पोत रोधी बैलिस्टिक मिसाइल एसएमएएसएच के सफल परीक्षण से जुड़े सवाल पर एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, ''हम भी राष्ट्रीय स्तर पर इसकी तैयारी कर रहे हैं। हमारे कई वैज्ञानिक इस पर काम कर रहे हैं। यह विघटनकारी और विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में से एक है, जिस पर हम डीआरडीओ और उद्योग के साथ सहयोग कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमने यह चुनौती सभी प्रतिभाशाली लोगों के सामने रखी है और हम आपके सुझावों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि सरकारी स्तर पर खतरे और आवश्यक प्रतिक्रियाओं को पूरी तरह से स्वीकार किया गया है और बहुत से लोग इस पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।''

## पिता और भाइयों ने की प्रेमी की हत्या, महिला ने शव से कर लिया 'विवाह'

**नांदेड़ (महाराष्ट्र) :** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में 21 वर्षीय युवती ने अपने पिता और दो भाइयों द्वारा उसके प्रेमी की कथित रूप से हत्या किए जाने के बाद अपने प्रेमी के शव से ही ''विवाह'' कर लिया। आंचल मामिडवार के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं जिसमें वह अपने प्रेमी के घर में उसके शव से ''विवाह'' करती नजर आ रही है और हत्या के लिए अपने परिजन को फांसी दिए जाने की मांग कर रही है। पुलिस के अनुसार, आंचल का प्रेमी सक्षम ताटे (20) बृहस्पतिवार शाम पुराने गंज क्षेत्र में अपने मित्रों के साथ खड़ा था, तभी उसके और आंचल के भाई हिमेश मामिडवार के बीच झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया



कि हिमेश ने सक्षम पर कथित तौर पर गोली चलाई जो उसकी पसलियों के आर-पार निकल गई, इसके बाद उसने उसके सिर पर टाइल से वार किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के कुछ ही देर बाद हिमेश, उसका भाई साहिल (25) और पिता गजानन मामिडवार (45) को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार शाम जब सक्षम के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी, तभी आंचल वहां पहुंची। उन्होंने बताया कि आंचल ने सक्षम के शव से ''विवाह'' कर लिया और दावा किया कि इससे उनका प्रेम ''अमर'' हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत अंडर-19 और अफगानिस्तान अंडर-19 के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल रद्द

**बेंगलुरु:** भारत अंडर-19 और अफगानिस्तान अंडर-19 के बीच एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल मैच खराब मौसम की वजह से रविवार को यहां रद्द हो गया। भारत अंडर-19 टीम 19 ओवर में पांच विकेट पर 79 रन बनाकर जूझ रही थी जब बारिश और खराब रोशनी की वजह से खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। तेज गेंदबाज अब्दुल अजीज ने कप्तान विहान मल्होत्रा और वंश आचार्य के विकेट लेकर अफगानिस्तान को शुरुआती सफलताएं दिलाईं जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया। निष्क चौहान (नाबाद 28) और अभिज्ञान कुंडु (27) ने पांचवें विकेट के लिए 51 रन जोड़कर विकेटों के पतझड़ पर विराम लगाया लेकिन इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और अंततः मैच रद्द हो गया।

### रसेल ने आईपीएल को कहा अलविदा, 2026 से केकेआर के 'पावर कोच' बनेंगे नई भूमिका में शुरुआत, वही पुराना दमखम

**कोलकाता:** विस्फोटक ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने रविवार को आईपीएल से संन्यास लेकर बड़ा फैसला किया और साथ ही घोषणा की कि वह 2026 सत्र से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 'पावर कोच' के रूप में टीम से जुड़े रहेंगे। 37 वर्षीय रसेल ने 2014 से केकेआर का अहम हिस्सा रहते हुए कई यादगार पारियां खेलीं और टीम को मैच जीताए। रसेल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह आईपीएल से भले संन्यास ले रहे हों, लेकिन उनका एग्रेसिव अंदाज़ जारी रहेगा और वह दुनिया भर की टी20 लीगों में खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि केकेआर उनका परिवार है और बैंगनी-सुनहरी जर्सी के अलावा किसी और रंग में खुद को देखना उन्हें अजीब लगता था।

# कोहली का 52वां शतक, भारत की 17 रन से जीत

## रांची में पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका पर 1-0 की बढ़त



**रांची:** विराट कोहली (135 रन) के शानदार 52वें वनडे शतक और गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 349 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.2 ओवर में 332 रन पर ऑल आउट हो गई। कोहली ने 120 गेंदों में 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से अपनी सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक खेली। उन्होंने रोहित शर्मा (57 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी कर भारत की मजबूत नींव रखी। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने 60 रन और रविंद्र जडेजा ने ताबड़तोड़ 32 रन का योगदान दिया। भारत की पारी में यशस्वी जायसवाल (18) और रुतुराज गायकवाड़ तथा वाशिंगटन सुंदर जल्दी आउट हुए, लेकिन कोहली लगातार टिके रहे। उनके शतक के तुरंत बाद एक प्रशंसक सुरक्षा घेरे को तोड़कर मैदान में आ गया और घुटनों के बल बैठकर उनके पैर छूने लगा, जिसे बाद में सुरक्षाकर्मियों ने बाहर ले जाया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने केवल 11 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। हर्षित राणा ने रेयान रिकल्टन और क्विंटन डिकॉक को शून्य पर आउट किया, जबकि अर्शदीप सिंह ने कप्तान एडन मारक्रम (7) को पवेलियन भेजा। इसके बाद मैथ्यू ब्रीट्जके (53) और टोनी डीजॉर्जी (39) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन कुलदीप यादव ने महत्वपूर्ण समय पर डीजॉर्जी को पगबाधा आउट कर दिया। डेवाल्ड ब्रेविस (37) और ब्रीट्जके की साझेदारी ने टीम को 150 रन तक पहुंचाया, लेकिन राणा ने ब्रेविस को आउट कर भारत को फिर बढ़त दिलाई। इसके बाद मार्को यानसन (70) और ब्रीट्जके ने तेजतर्रार बल्लेबाजी से मैच को रोमांचक बनाया। यानसन ने प्रसिद्ध कृष्णा पर लगातार छक्के जड़े और 26 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 97 रन जोड़े। कुलदीप ने एक ही ओवर में यानसन और ब्रीट्जके को आउट कर भारत को निर्णायक बढ़त दिलाई। आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए कॉर्बिन बॉश (67) ने भी पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम जीत से 17 रन दूर रह गई। कुलदीप ने 68 रन देकर चार विकेट, राणा ने तीन और अर्शदीप ने दो विकेट लिए। अंतिम विकेट प्रसिद्ध कृष्णा ने लिया।

### रोहित ने एकदिवसीय में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में अफरीदी का रिकॉर्ड तोड़ा



भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक छक्के (352) लगाने के मामले में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़ दिया। रोहित के नाम इस श्रृंखला से पहले 349 छक्के थे। अफरीदी ने 1996 से 2015 के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में 398 मैचों में 351 छक्के लगाए थे।

### राष्ट्रमंडल खेलों की परिचालन लागत 3000 से 5000 करोड़ रु के बीच हो सकती है : आयोजक समिति

**नयी दिल्ली:** 2030 राष्ट्रमंडल खेल के लिए जल्द ही गठित होने वाली अहमदाबाद की आयोजक समिति इस टूर्नामेंट को 3,000 से 5,000 करोड़ रुपये की परिचालन लागत में आयोजित करने का लक्ष्य रखेगी। खेलों की योजना बनाने में नजदीकी तौर पर शामिल एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार खेल और सार्वजनिक उपयोगिता सुविधाओं सहित चल रहे बुनियादी ढांचा उन्नयन के लिए अनुमान अभी तय किए जा रहे हैं ताकि इस टूर्नामेंट की कुल लागत को अंतिम रूप दिया जा सके। सूत्र ने बताया कि गुजरात ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों से जरूरी सबक लिया है क्योंकि वे कई विवादों में घिर गए थे जिनमें बुनियादी ढांचे में देरी, भ्रष्टाचार के आरोप और शुरुआती अनुमान से कहीं अधिक बढ़ी हुई लागत शामिल थीं। उन्होंने कहा, ''अहमदाबाद राष्ट्रमंडल खेलों की परिचालन लागत 3,000 से 5,000 करोड़ रुपये के बीच होगी। इसमें पूंजीगत व्यय शामिल नहीं है जो अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में लगाया जाएगा जिनमें से कुछ शहरी विकास विभाग द्वारा संभाले जा रहे हैं।' सूत्र ने कहा, 'स्पष्ट है कि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर होने वाला खर्च खेलों की लागत में शामिल नहीं किया जाएगा क्योंकि उसका उपयोग खेलों से आगे भी किया जाएगा।

### अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी, पंजाब ने बंगाल को 112 रन से रौंदा

■ **अभिषेक ने 12 गेंदों में जड़ा संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक**



**हैदराबाद:** आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज अभिषेक शर्मा ने रविवार को एलीट ग्रुप-सी मुकाबले में 52 गेंदों पर 148 रन की तूफानी पारी खेलकर पंजाब को बंगाल पर बड़ी जीत दिलाई। उनकी धुआंधार बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब ने पांच विकेट पर 310 रन का विशाल स्कोर बनाया और बंगाल को नौ विकेट पर 198 रन पर रोकते हुए 112 रन से जीत दर्ज की। केवल 12 गेंदों में अर्धशतक जमाने वाले अभिषेक ने अपनी पारी में 16 छक्के लगाए और टी20 में किसी भारतीय द्वारा एक पारी में सर्वाधिक छक्कों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने मोहम्मद शमी, आकाश दीप और ऋतिक चटर्जी जैसे अनुभवी गेंदबाजों पर बेखौफ प्रहार किए। प्रभसिमरन सिंह (70) के साथ उनकी 205 रन की साझेदारी ने पंजाब की नींव मजबूत की। पंजाब के स्पिनर हरप्रीत बराड़ ने 23 रन देकर चार विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी की। बंगाल की ओर से कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 130 रन की जुझारू पारी खेली, जबकि आकाशदीप (31) ही दोहरे अंक तक पहुंचे। अन्य मुकाबलों में बड़ौदा ने हिमाचल को पांच विकेट से हराया, सेना ने पुडुचेरी को सात विकेट से मात दी, जबकि गुजरात ने हरियाणा को अंतिम गेंद पर चार विकेट से हराया ।

### बेल्जियम ने भारत को 1-0 से हराकर अजलन शाह हॉकी का खिताब जीता



**कुआलालंपुर:** बेल्जियम ने रविवार को यहां रोमांचक फाइनल में भारत को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भारत को मैच के 34वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह बेल्जियम का पहला सुल्तान अजलन शाह खिताब है। टीम सिर्फ दूसरी बार इस प्रतियोगिता में खेल रही थी। शनिवार को कनाडा के खिलाफ 14-3 की बड़ी जीत के बाद इस मैच में उतरा भारत दुर्भाग्य से तीन पेनल्टी कॉर्नर में से एक को भी गोल में नहीं बदला सका। जुगराज सिंह, अमित रोहिदास और संजय इस टूर्नामेंट के दौरान पेनल्टी कॉर्नर में अच्छा प्रदर्शन करेन में सफल रहे लेकिन फाइनल में बेल्जियम की रक्षा पंक्ति को छकाने में नाकाम रहे। लीग चरण में यूरोपियन टीम के खिलाफ 2-3 से हारने के बाद यह इस टूर्नामेंट में भारत की दूसरी हार थी। मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के टूर्नामेंट से आराम लेने के कारण जिम्मेदारी युवा खिलाड़ियों पर थी जिन्होंने हार के अंतर को कम रखकर अच्छा प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने रणनीति खेल दिखाया जिसमें बेल्जियम ने गेंद को अधिक समय अपने पास रखकर बेहतर शुरुआत की। उनके आक्रामण ने दोनों छोर से भारतीय रक्षा पंक्ति को परेशान किया और भारतीय गोलकीपर को कुछ करीबी बचाव करने पड़े। बेल्जियम को शुरुआत में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत ने इन्हें नाकाम कर दिया।

### त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता, श्रीकांत हारे



**लखनऊ:** गत चैंपियन त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने रविवार को यहां सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में जापान की काहो ओसा-वा और माई तानाबे को तीन गेम में हराकर महिला युगल का खिताब बरकरार रखा लेकिन किदांबी श्रीकांत का खिताब का आठ साल का इंतजार खत्म करने का सपना टूट गया। पूर्व चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को हांगकांग के दुनिया के 59वें नंबर के खिलाड़ी जेसन गुनावन के खिलाफ 67 मिनट में 16-21 21-8 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। इस 32 वर्षीय अनुभवी भारतीय खिलाड़ी ने अपना पिछला खिताब 2017 में फ्रेंच ओपन में जीता था। वह साल साल मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में भी फाइनल में पहुंचे थे लेकिन वहां भी उन्हें उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा था। त्रीसा और गायत्री की शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद आक्रामक खेल दिखाया और दुनिया की 35वें नंबर की जापानी जोड़ी को एक घंटे 16 मिनट तक चले रोमांचक फाइनल में 17-21, 21-13, 21-15 से शिकस्त दी।

### दिव्यांशी ने अंडर-15 में कांस्य और लड़कों की अंडर-19 टीम ने रजत पदक जीता

**क्लूज नापोका (रोमानिया):** उभरती हुई भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी दिव्यांशी भौमिक ने रविवार को यहां चल रही आईटीटीएफ विश्व युवा चैंपियनशिप 2025 में अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। सेमीफाइनल में 15 वर्षीय दिव्यांशी को चीन की झू क़िहुई से 1-4 (12-10, 10-12, 6-11, 4-11, 8-11) से हार का मुंह देखकर कांस्य पदक पर संतोष करना पड़ा। इस साल के शुरू में दिव्यांशी ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में हुई एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में इतिहास रचते हुए अंडर-15 बालिका एकल खिताब जीता था जिससे वह 36 वर्षों में ऐसा करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थीं। भारत ने अलग-अलग वर्गों में मजबूत टीम प्रदर्शन के साथ अपने पदक तालिका में और इजाफा किया। अंडर-15 लड़कियों की टीम (दिव्यांशी, अनन्या मुरलीधरन, अंकोलिका चक्रवर्ती और नैशा रेवस्कर) ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 लड़कों की टीम स्पर्धा में अंकुर भट्टाचार्य, अभिनंध प्रदीवाधी, पुनीत बिस्वास और प्रियनुज भट्टाचार्य की चौकड़ी ने ऐतिहासिक रजत पदक जीता जो इस वर्ग में भारत का पहला पोडियम स्थान है।



### महिंद्रा का अभी एसयूवी, इलेक्ट्रिक वाहन पर ध्यान देने का इरादा



**नयी दिल्ली:** महिंद्रा एंड महिंद्रा घरेलू यात्री वाहन बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए प्रीमियम और अलग तरह की गाड़ियां पेश करने की अपनी रणनीति पर टिके रहने की योजना बना रही है। इनमें आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाली एसयूवी और इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं। यह बात कंपनी के एक शीर्ष कार्यकारी ने कही है। मुंबई की इस बड़ी वाहन कंपनी की अपने उत्पाद श्रृंखला में सीएनजी और दूसरी वैकल्पिक ईंधन प्रौद्योगिकी लाने की अभी कोई योजना नहीं है, क्योंकि वह अपनी मुख्य ब्रांड पहचान पर टिके रहना चाहती है और ऐसे ग्राहकों को लक्षित करना चाहती है, जो अलग तरह के उत्पाद चाहते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष - वाहन कारोबार आर वेलुसामी ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'हमारा ध्यान आईसीई और इलेक्ट्रिक पर रहा है, और हम इन क्षेत्रों में काफी बढ़ रहे हैं। हमारे व्यक्तिगत वाहन पोर्टफोलियो में ग्राहक अलग तरह के उत्पाद चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी एसयूवी खंड पर खास ध्यान दे रही है और अगले चार साल में कई मॉडल लाने को तैयार है। हालांकि, उन्होंने आगे कहा कि कंपनी का बहुउद्देश्यीय वाहन (एमपीवी) खंड पर अभी ध्यान देने का कोई इरादा नहीं है। वेलुसामी ने बताया कि कंपनी परिचालन दक्षता और बेहतर प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के जरिये घरेलू यात्री वाहन खंड में अपनी प्रतिस्पर्धी बढ़त को कायम रखने का इरादा रखती है। उन्होंने बताया कि एसयूवी खंड अभी भी बढ़ रहा है और कंपनी अभी से 2029 के बीच और मॉडल लाने की योजना बना रही है।

# दो माह में दो दर्जन कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी में, 40,000 करोड़ रुपये जुटाएंगी

**नयी दिल्ली:** कंपनियों के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आकर्षण तेजी पकड़ रहा है। मर्चेंट बैंकरों का कहना है कि अगले दो माह के दौरान आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी, मीशो और जुनिपर ग्रीन एनर्जी समेत दो दर्जन और कंपनियां अपना सार्वजनिक निर्गम लाने की तैयारी कर रही हैं। इन आईपीओ के जरिये करीब 40,000 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। इस मजबूत पाइपलाइन में कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल एनालिटिक्स, होम और स्लीप समाधान ब्रांड वेकफिट इनोवेशंस, प्रौद्योगिकी आधारित सुरक्षा और निगरानी कंपनी इनोवेटिवव्यू इंडिया और हॉस्पिटल श्रृंखला पार्क मेडी वर्ल्ड जैसे बड़े नाम शामिल हैं। यह स्थिति न केवल कंपनियों के भरोसे को दर्शाती है बल्कि निवेशकों की सूचीबद्धता के दिन के लाभ के साथ दीर्घावधि की संभावना को लेकर विश्वास को भी दर्शाती है। खास बात यह है आगामी सप्ताहों में बड़ी, मझोली और छोटी सभी आकार की कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी कर रही हैं। विशेषज्ञ इस




रफ्तार का श्रेय बढ़ती खुदरा भागीदारी और घरेलू स्तर पर बढ़ते प्रवाह को देते हैं। इस साल अब तक 96 कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई हैं। इन कंपनियों ने आईपीओ से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इनमें से 40 से ज़्यादा कंपनियां अकेले पिछले तीन महीने में सूचीबद्ध हुई हैं, जो प्राथमिक बाजार में बढ़ती गतिविधियों को दर्शाता है। इसकी तुलना में, 2024 में 91 सार्वजनिक निर्गम के जरिये कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे। इसे मजबूत खुदरा भागीदारी, निजी निवेश और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था से समर्थन मिला था। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के प्रमुख - प्रेफर्ड, थॉमस स्टीफन ने कहा कि दिसंबर में कई आईपीओ आने वाले हैं। इससे 2025 में सार्वजनिक निर्गम के जरिये जुटाई गई राशि का आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है, जो भारतीय प्राथमिक बाजार के लिए नया रिकॉर्ड होगा। मेवेनार्क के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शांतनु अवस्थी ने इसी तरह की राय जताते हुए कहा कि जो कंपनियां पहले सार्वजनिक निर्गम लाने में हिचकिचाती थीं, अब वे समझ रही हैं कि लगातार वृद्धि के लिए काफी पूंजी की जरूरत होती है। आईपीओ के जरिये धन जुटाने वाली कंपनियां इस राशि का खर्च अपनी विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने, पूंजीगत व्यय, कर्ज भुगतान और सामान्य कंपनी कामकाज के लिए करेंगी।

## न्यूज अपडेट

### भारतीय एयलाइन कंपनियों ने ए320 बेड़े के 323 विमानों के लिए सॉफ्टवेयर अपग्रेड पूरा किया

**नयी दिल्ली:** भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने उड़ान नियंत्रण से संबंधित संभावित मुद्दे के समाधान के लिए ए320 बेड़े के परिचालनरत 323 विमानों पर सॉफ्टवेयर अपग्रेड का काम पूरा कर लिया है। विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। एयरबस ने शुक्रवार को कहा था कि तीव्र सौर विकिरण की वजह से ए320 श्रेणी के काफी विमानों में उड़ान नियंत्र के लिए जरूरी डेटा खराब हो सकता है और इस समस्या को ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट करने के दौरान परिचालन में बाधा आएगी। इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के ए320 बेड़े के कुल 338 विमानों को सॉफ्टवेयर अपग्रेड (अद्यतन) के लिए शुरू में चिन्हित किया गया था। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इनमें से 323 विमान परिचालनर में थे, छह बेस मेंटेनेंस में थे तथा बाद में पता चला कि एयर इंडिया के बेड़े में मौजूद नौ विमानों को इस अपग्रेड की आवश्यकता नहीं है। इंडिगो ने ए320 बेड़े के अपने सभी 200 विमानों पर अपग्रेड पूरा कर लिया है। एयर इंडिया के 113 प्रभावित विमानों में से 100 परिचालनर वाले विमानों पर अपग्रेड किया जा चुका है, जबकि चार बेस मेंटेनेंस में हैं और नौ विमानों को अपग्रेड की जरूरत नहीं पड़ी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के ए320 बेड़े के अपने 23 विमानों पर अपग्रेड हो चुका है।

### डालमिया सीमेंट (भारत) को 266.3 करोड़ रुपये के कर नोटिस

**नयी दिल्ली:** डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) को बिक्री कर कार्यालय से कुल 266.3 करोड़ रुपये के दो कारण बताओ नोटिस मिले हैं। डीसीबीएल, डालमिया भारत की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। डालमिया भारत ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि ये नोटिस सेंट्रल जीएसटी/तमिलनाडु जीएसटी कानून 2017 की धारा 74 के तहत आकलन वर्ष 2019-20 और आकलन वर्ष 2022-23 के लिए, संबंधित बिक्री कर अधिकारी लालगुडी, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु द्वारा जारी किए गए हैं। आकलन वर्ष 2019-20 के लिए, अधिकारियों ने 128.39 करोड़ रुपये का कर और 19.25 करोड़ रुपये की जुर्माना मांगा है। वहीं 2022-23 के लिए कारण बताओ नोटिस में 59.32 करोड़ रुपये का कर और इतने ही जुर्माने की मांग की गई है। कंपनी ने कहा कि यह आकलन वर्ष 2019-20 और 2022-23 के लिए कर योग्य कारोबार और आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) में मिले कुछ अंतर से जुड़ा है। कंपनी ने कहा कि उसे ये आदेश 28 नवंबर, 2025 को मिले हैं।

### नेपाल ने चीनी कंपनी को विभिन्न मूल्यवर्ग के बैंक नोट छापने का ठेका दिया

**काठमांडू:** नेपाल के विभिन्न मूल्यवर्ग के बैंक नोट छापने का ठेका एक चीनी सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस को मिला है, जिसमें सबसे नया 1,000 रुपये का नोट भी शामिल है। नेपाल के केंद्रीय बैंक नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन को 50 रुपये, 500 रुपये और 1,000 रुपये के नेपाली बैंक नोट छापने का ठेका दिया है। एनआरबी के प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने रविवार को पीटीआई-भाषा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल में दिए गए ठेके के अनुसार चीनी सिक्योरिटी प्रेस को नौ महीने के अंदर बैंक नोटों का डिजाइन, छपाई और आपूर्ति करनी है। अधिकारी ने कहा कि एनआरबी के निर्देश के अनुसार चीनी कंपनी नोट डिजाइन करती है और फिर उसकी बैंक से मंजूरी मिलने के बाद ही छपाई होती है। इस महीने की शुरुआत में इसी चीनी कंपनी को नेपाल के 1,000 रुपये के 43 करोड़ बैंक नोट डिजाइन करने और छापने के लिए आशय पत्र जारी किया गया था। चीनी कंपनी सबसे कम बोली लगाने के आधार पर चुनी गई थी और उसने पहले भी नेपाल के पांच रुपये, 10 रुपये, 100 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट छापे हैं। नेपाल के केंद्रीय बैंक बृहस्पतिवार को 100 रुपये का नया नोट जारी किया था। इसमें देश का बदला हुआ नक्शा है, जिसमें कालापानी, लिपु-लेख और लिंपियाधुरा क्षेत्र को नेपाल में दिखाया गया है।

### आरबीआई मौद्रिक नीति बैठक: रेपो दर में चौथाई प्रतिशत की कमी संभव

**मुंबई:** मुद्रास्फीति का दबाव कम होने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपनी आगामी मौद्रिक नीति बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत कम कर सकता है। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ब्याज दर को स्थिर रख सकता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति पिछले दो महीनों से सरकार के तय दायरे की निचली सीमा (दो प्रतिशत) से भी कम है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अर्थव्यवस्था में आई तेजी के कारण आरबीआई ब्याज दरों को यथावत रख सकता है। यह तेजी राजकोषीय समेकन, लक्षित सार्वजनिक निवेश और जीएसटी दर कटौती जैसे विभिन्न सुधारों से समर्थित है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 3-5 दिसंबर 2025 तक होनी है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा पांच दिसंबर को समिति के फैसलों की घोषित करेंगे। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल फरवरी में दरों में कमी शुरू की थी और कुल एक प्रतिशत की कटौती करके रेपो दर को 5.5 प्रतिशत कर दिया था। अगस्त में कटौती रोक दी गई थी। कुछ विशेषज्ञों के अनुसार मुद्रास्फीति का दबाव कम होने से आरबीआई आने वाली मौद्रिक नीति बैठक में प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। एचडीएफसी बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल वृद्धि अनुमान से अधिक और मुद्रास्फीति अनुमान से कम है। इसके मुताबिक, ''इसलिए आरबीआई के आगामी फैसले में कांटे की टक्कर रहेगी।

# सोना फिर रिकॉर्ड ऊंचाई को छू सकता है

■ **नजर पॉवेल के भाषण और आरबीआई नीति पर**



**नयी दिल्ली:** विश्लेषकों के अनुसार सोने की कीमतें अगले सप्ताह मजबूती के साथ रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच सकती हैं। विश्लेषकों का कहना है कि निवेशकों का पूरा ध्यान अमेरिका के महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों, फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के भाषण और भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर टिका है। जे एम फाइनेंशियल के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, सोना अब उस सीमित दायरे से बाहर निकल आया है जिसमें वह काफी दिनों से फंसा हुआ था। निवेशक दुनिया भर के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के आंकड़ों, अमेरिका के रोजगार आंकड़ों और उपभोक्ताओं की मनोदशा पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, इन सबके अलावा सोमवार को फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल का भाषण, रूस-यूक्रेन शांति वार्ता में होने वाली प्रगति और शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक की नीति बैठक भी होगी। निवेशक इन सभी घटनाओं पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर फरवरी 2026 सोना वायदा भाव पिछले सप्ताह 3,654 रुपये यानी 2.9 प्रतिशत चढ़ा और शुक्रवार को 1,29,504 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ। एंजल वन के वरिष्ठ शोध अधिकारी प्रथमेश माल्या ने कहा, भारत में रुपये की कमजोरी और स्थानीय मांग ने सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव को बहुत बढ़ाया है। त्योहार, शादियां और लगातार जारी आभूषणों की खरीदारी भारतीय बाजार में सोने-चांदी की कीमतों को मजबूत सहारा दे रही है। माल्या ने आगे कहा कि दुनिया के केंद्रीय बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं, जिससे लंबी अवधि में सोने का परिदृश्य सकारात्मक बना रहेगा। उन्होंने कहा,पिछले कई सालों से केंद्रीय बैंक सोना जमा करते आ रहे हैं और यह सिलसिला 2026 में भी जारी रहेगा।

### ब्रिटिश एयरवेज को भारत में दिखती हैं अद्भुत संभावनाएं, एयरलाइन की सेवाओं के विस्तार की योजना : सीओओ

**नयी दिल्ली:** भारतीय विमानन बाजार में अविश्वसनीय क्षमता को देखते हुए ब्रिटिश एयरवेज बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने के साथ-साथ देश में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार करेगी। एयरलाइन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत में 100 वर्षों से अधिक समय से परिचालन कर रही यह एयरलाइन वर्तमान में भारत से लंदन के लिए 56 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। मुंबई से रोजाना तीन, दिल्ली से दो तथा हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई से रोजाना एक-एक उड़ान है। ब्रिटिश एयरवेज अगले साल से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लंदन के लिए तीसरी दैनिक उड़ान शुरू करने की योजना बना रही है, जिसके लिए नियामकीय मंजूरी का इंतजार है।

### तंबाकू, पान मसाला पर जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की जगह लेने वाले विधेयक लोकसभा में होंगे पेश

**नयी दिल्ली:** सरकार जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर खत्म होने के बाद भी तंबाकू, पान मसाला और अन्य हानिकारक वस्तुओं पर कुल कर भार समान बनाए रखने के लिए दो विधेयक लोकसभा में पेश कर सकती है। इनके जरिये जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की जगह नया उपकर लगाया जाएगा। केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 को सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक, 2025 के तहत सिगरेट सहित विभिन्न तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क लगाया जाएगा, जो तंबाकू पर लगाए जा रहे जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेगा। 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पान मसाला पर लगाए जाने वाले मुआवजा उपकर की जगह लेगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3426 अंक 236, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in